# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




- रास्ता संकरा होने के कारण रेल मंत्री पहुंचे मोटर साइकिल से
- कंचनजंगा एक्स. अगरतला से सियालदेह तक चलती है
- हादसा जलपाईगुड़ी स्टेशन कटिहार रेल मंडल के तहत

**08.55** बजे हुआ ट्रेन हादसा

**13174** नंबर की मालगाड़ी ने मारी टक्कर

## दार्जिलिंग में कंचनजंगा एक्सप्रेस से भिड़ी मालगाड़ी

# भीषण हादसा, 9 की मौत

*पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार सुबह 8:55 बजे एक मालगाड़ी ट्रेन ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कंचनजंगा एक्सप्रेस का एक डिब्बा मालगाड़ी के इंजन में चढ़ गया और चार डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक लोको पायलट व एक गार्ड सहित 7 लोगों की मौत हो गई, 41 से अधिक लोग गंभीर व सामान्य रूप से भी घायल हुए हैं।*

एजेंसी ⏭ कोलकाता

प्रथम दृष्टया रेलवे द्वारा इस घटना में मालगाड़ी के चालक द्वारा सिग्नल की अनदेखी करना माना जा रहा है जिसकी जांच की जा रही है। सूचना मिलते ही केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य का जायजा लिया। रेल मंत्रालय व पीएम मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों व घायलों के परिजनों को मुआवजे की घोषणा की।

रेलवे बोर्ड की चेयरमैन और सीईओ जय वर्मा तथा ईस्टर्न रेलवे के सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के हवाले से बताया कि ट्रेन के 4 डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस हादसे में गार्ड का डिब्बा, जनरल डिब्बा क्षतिग्रस्त हुआ है। ⏭ शेष पेज 6 पर



### कैसे काम करता है 'कवच' सिस्टम?

अगर लोको पायलट भूलवश या किसी तकनीकी खराबी के कारण रेड सिग्नल क्रॉस करता है तो इस स्थिति को खतरे में सिग्नल पास किया गया माना जाता है। ऐसे में पटरियों, सिग्नल और स्टेशन यार्ड में लगाया गया रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन सिस्टम सक्रिय हो जाता है और ट्रेन के ब्रेक अपने आप लगने शुरू हो जाते हैं। इससे ट्रेन की रफ्तार बहुत कम हो जाती है और आपस में टकराने जैसे बड़े हादसे टल जाते हैं।

| | |
|---|---|
| 05 | बोगियां पटरी से उतरीं |
| 01 | बोगी मालगाड़ी के इंजन में चढ़ी |
| 09 | लोगों की मौत |
| 41 | से ज्यादा गंभीर रूप से घायल |
| 20 | से ज्यादा मध्यम व सामान्य घायल |
| 10-10 | लाख मृतकों के परिजनों को |
| 02-02 | लाख पीएमओ की ओर से |
| 2.50-2.50 | लाख गंभीर घायलों को |
| 50-50 | हजार सामान्य घायलों को |
| 50-50 | हजार घायलों को पीएमओ से |

### रेलवे ने कहा-

गुड्स ट्रेन के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की

- *रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौके पर मौजूद*
- *रेस्क्यू में क्षेत्रीय व केंद्रीय एजेंसियां जुटीं*

### टीए 912 जारी हुआ या नहीं जांच शुरू

सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आती है तो स्टेशन मास्टर टीए 912 रिटन अथॉरिटी जारी करता है। यह ड्राइवर को खराबी के कारण सभी रेड सिग्नल पार करने का अधिकार देता है। रानीपात्रा के स्टेशन मास्टर ने कंचनजंगा को टीए 912 जारी किया था। ट्रेन 10 मिनट से यहां रुकी रही।

### हादसे में हताहतों को मुआवजे की घोषणा

रेल मंत्री ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10-10 लाख, गंभीर घायलों को 2.50- 2.50 लाख और मामूली घायलों को 50-50 हजार तथा पीएमओ से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया गया है।

### हादसे से 3 घंटे पहले से सिग्नल खराब था

रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि पश्चिम बंगाल में रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट जंक्शन के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम सुबह 5.50 बजे से ही खराब था। कंचनजंगा एक्सप्रेस सुबह 8:27 बजे रंगापानी स्टेशन से रवाना हुई और सुबह 5:50 बजे सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी के कारण रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और छत्तर हाट के बीच रुकी रही।

### खराब सिग्नल होने की स्थिति में ये हैं नियम

एक रेलवे अधिकारी के अनुसार, जब ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी आ जाती है, तो स्टेशन मास्टर टीए-912 नाम से एक लिखित नोट जारी करता है, जो लोको पायलट को सिग्नलिंग सिस्टम काम नहीं करने की स्थिति में सभी रेड सिग्नल क्रॉस करने के लिए अधिकृत करता है। ड्राइवर को प्रत्येक खराब सिग्नल पर ट्रेन को एक मिनट के लिए रोकना होता है और 10 किमी प्रति घंटे की गति से ही आगे बढ़ाना होता है।

### हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि हादसे वाले रूट पर कवच सिस्टम नहीं था। इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। रेलवे ने अब तक 1500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर कवच सिस्टम एक्टिव है। इस साल के आखिरी तक इसे 3 हजार किलोमीटर तक ले जाया जाएगा।






### T20 world cup स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | | नेपाल |
|---|---|---|
| 106/10 | VS | 85/10 |

21 रन से जीता बांग्लादेश

4 विकेट : तंजीम हुसैन साकिब
प्लेयर ऑफ द मैच

| श्रीलंका | | नीदरलैंड |
|---|---|---|
| 201/6 | VS | 118/10 |

83 रन से जीता श्रीलंका

46 रन : चरिथ असलंका
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

अफगानिस्तान VS वेस्टइंडीज
सुबह : 6 बजे

## सुपारी किलिंग मामले में रांची जेल में बंद गैंगस्टर अमन को लाएंगे रायपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रोड कांट्रेक्टर तथा कोल कारोबारी की हत्या के लिए मलेशिया में बैठे इंटरनेशनल गैंगस्टर मयंक सिंह द्वारा सुपारी देने के मामले में स्थानीय पुलिस रांची जेल में बंद मयंक के सहयोगी गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर लाने की तैयारी में है। अमन को रांची से लाने रायपुर पुलिस को ⏭ शेष पेज 6 पर

- पुलिस को मिला प्रोटक्शन वारंट, पुलिस टीम जाएगी रांची

### मयंक चलाता है लेवी वसूली का नेटवर्क

पुलिस जांच में अब तक यह बात सामने आई है कि मलेशिया में बैठा मयंक जो छद्म नाम है, वह झारखंड में कोल कारोबार करने वाले कारोबारियों के अलावा बड़े सरकारी कांट्रैक्ट लेने वाले कांट्रेक्टरों से अवैध लेवी वसूली करने का काम करता है। इसके लिए वह रांची के गैंगस्टर ⏭ शेष पेज 6 पर

### कितने की सुपारी अब तक खुलासा नहीं

पुलिस ने कारोबारियों की हत्या करने आए जिन चार शूटरों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों को रांची जेल में बंद अमन ने 25 लाख रुपए में सुपारी दी थी। पुलिस के अनुसार मयंक के कहने पर अमन शूटरों को 25 लाख में सुपारी दे सकता है। ऐसे में कारोबारियों की हत्या करने ⏭ शेष पेज 6 पर

# बृजमोहन ने छोड़ी विधायकी, मंत्री पद पर बोले- सीएम जब कहेंगे छोड़ दूंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के वरिष्ठ विधायक और मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अंततः सोमवार शाम विधायक पद से को इस्तीफा दे दिया। अपने निवास से कई विधायकों और समर्थकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पहुंचकर अपना इस्तीफा सौंपा। मंत्री पद को लेकर उनका कहना है, ये तो मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है, वे जब कहेंगे, मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा।

रायपुर लोकसभा से सांसद चुने जाने के बाद से ही बृजमोहन अग्रवाल के विधायक पद से इस्तीफे को लेकर लगातार चर्चा चल रही थी। एक दिन पहले ही उनकी तरफ से खबर यह आई थी कि वे 18 या 19 जून को इस्तीफा देंगे। उनके सांसद बनने की अधिसूचना 6 जून को जारी होने के कारण नियम से उनको 20 जून तक इस्तीफा देना था। सोमवार को अचानक उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया और उनके निवास पर कई दिग्गज विधायक जुटे।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन को सौंपा इस्तीफा बोले- भरे मन से लिया फैसला



### विधायकों के साथ पहुंचे रमन निवास

श्री अग्रवाल अपना इस्तीफा देने के लिए अपने निवास से विधायक राजेश मूणत, अजय चंद्राकर, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय और बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. ⏭ शेष पेज 6 पर

### लोगों के लिए मोहन ही रहूंगा

इस्तीफे के बाद श्री अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, मेरे लिए भावुक क्षण है। बड़े भावुक मन से इस्तीफा दिया है। केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे देश के सदन में सांसद के रूप में भेजा है। सांसद बनने के बाद विधानसभा से इस्तीफा दिया है। अपने समर्थकों को कहना चाहता हूं कि पहले की तरह आपका मोहन बना रहूंगा। केंद्र में मंत्री नहीं बनने के सवाल पर कहा, मुझे कोई मलाल नहीं है। मुझे मेरी पार्टी ने लगातार विभिन्न पदों पर जनता की सेवा करने का अवसर दिया है। मंत्री पद से इस्तीफा देने के सवाल पर कहा, ये मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। ⏭ शेष पेज 6 पर

### बृजमोहन की कमी विधानसभा में खलेगी: रमन

बृजमोहन के इस्तीफे पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, उन्होंने विधिवत तरीके से विधायक पद से इस्तीफा दिया है। इस्तीफा तुरंत स्वीकृत कर लिया गया है। बृजमोहनजी के रहने से विधानसभा भरी-भरी लगती है। पूरी विधानसभा को उनकी उपस्थिति का एहसास होता है। वे विद्वता के साथ बात प्रस्तुत करते हैं। उनकी कमी महसूस होगी। दिल्ली जा रहे हैं तो एक बड़े पद की ओर आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ की बातों को दिल्ली के हाउस में रखने का मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्रियों के बीच जाकर छत्तीसगढ़ की आवश्यकताओं को बताने का अवसर मिलेगा। कांग्रेस द्वारा ऑफर दिए जाने पर कहा, ⏭ शेष पेज 6 पर

कांग्रेस पार्टी ने लिया फैसला

## प्रियंका लड़ेंगी वायनाड से उपचुनाव, राहुल रहेंगे रायबरेली के सांसद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को लेकर बहुत बड़ी खबर सामने आई है। वह केरल के वायनाड से लोकसभा का उपचुनाव लड़ेंगी। इस बात की पुष्टि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व खुद राहुल गांधी ने की है। बता दें कि राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया है वे रायबरेली सीट से सांसद रहेंगे।

### उम्मीदों पर खरा उतरुंगी : प्रियंका


प्रियंका ने कहा कि मैं चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगी। प्रियंका ने कहा कि मैं वायनाड का प्रतिनिधित्व करने के योग्य हूं, इस बात से बहुत खुश हूं।

### खड़गे बोले- पार्टी का फैसला प्रियंका को मंजूर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रियंका गांधी के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का फैसला है जिसे प्रियंका गांधी ने मंजूर कर लिया है। खड़गे ने कहा कि राहुल रायबरेली बरकरार रखेंगे और प्रियंका वायनाड से लड़ेंगी।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी का आज से यूपी व बिहार का दौरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18-19 जून को उत्तर प्रदेश और बिहार का दौरा करेंगे। इस दौरान वह वाराणसी में शाम 5 बजे पीएम किसान की 17वीं किस्त के तहत 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करेंगे, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। अगले दिन 9.45 बजे प्रधानमंत्री नालंदा का दौरा करेंगे। वह सुबह करीब 10.30 बजे बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन करेंगे और एक सभा को भी संबोधित करेंगे।

## दो सगे भाइयों की पटरी पर मिली लाश, संदेह का कुहासा, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय महासमुंद के समीपस्थ ग्राम खरोरा और बेमचा के बीज स्थित रेलवे ट्रैक में सोमवार सुबह दो सगे भाईयों का शव मिला। आधी रात के बाद हुई इस घटना की सूचना सुबह ट्रेन ड्राईवर ने स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार किया और परिजनों को सूचित कर शवों की शिनाख्त की। बाद पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 11 नयापारा निवासी श्रवण यादव के दो बेटे सुनील यादव (27) और आकाश यादव (24) भवन निर्माण आदि के कार्य में मजदूरी करते थे। रविवार की शाम दोनों भाई घर से यह कहकर निकले थे कि वे अपने ठेकेदार से इस सप्ताह की मजदूरी का चुकारा लेने जा रहे हैं। दोनों देर रात तक नहीं लौटे तब से चिंतित परिजन खोजबीन में जुटे रहे। सुबह करीब 6 बजे कुछ लोगों ने दो युवकों की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ा देख पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस भी घटना स्थल को देख हतप्रभ रह गई। लाशों की तलाशी मे मिली डायरी से मृतकों के परिजनों का नंबर मिला फिर पुलिस ने उन्हें सूचित किया। पुलिस मामले में पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के इंतजार में हैं जिसके बाद हत्या या आत्महत्या का खुलासा हो पाएगा।

- दोनों की मौत से पूरा परिवार सदमे में, हत्या या आत्महत्या का रहस्य बरकरार
- दोनों भाई ठेकेदार से इस सप्ताह की मजदूरी लेने जा रहे हैं कह गए थे

बिजनेस क्लास यात्री को मिली फटी सीट, बासा खाना

# एयर इंडिया में यात्री को खाने में मिला ब्लेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया सेवा को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जाते समय उड़ान में एक यात्री को खाने में धारदार ब्लेड मिला। खाना एयर इंडिया में परोसा गया था। वहीं नयी दिल्ली-नेवार्क उड़ान की 'बिजनेस' श्रेणी के एक यात्री ने अपनी यात्रा को ''दुःस्वप्न'' बताते हुए आरोप लगाया है कि उसे एअरलाइन द्वारा ''बिना पका हुआ'' खाना परोसा गया, विमान की सीट खराब थी, सीट कवर गंदा था और यहां तक कि उसके सामान को भी क्षति पहुंचाई गई। खाने में ब्लेड मिलने की घटना की तस्वीरें वायरल हो रहीं हैं।

### एयर इंडिया से नहीं मिली कोई मदद

विमान यात्री मैथ्यू पॉल ने आगे लिखा, 'मुझे इसका अहसास कुछ सेकंड तक खाने को चबाने के बाद ही हुआ। शुक्र है कि कोई नुकसान नहीं हुआ। बेशक, इसका दोष पूरी तरह से एयर इंडिया की खानपान सेवा पर है, लेकिन इस घटना से एयर इंडिया से कोई मदद नहीं मिली। अगर धातु का टुकड़ा किसी बच्चे को परोसे गए खाने में होता तो क्या होता?



**एयर इंडिया रिश्वत में दे रही एक साल फ्री उड़ान :** रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद एयर इंडिया ने यात्री को बिजनेस क्लास टिकट की पेशकश की, जो एक साल तक किसी भी एयर इंडिया उड़ान पर मान्य है। पॉल ने कथित तौर पर इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया और इसे रिश्वत बताया। एयर लाइन ने मामले में बताया कि खाने में आया धातु उसके खान-पान विक्रेता द्वारा सब्जी काटने वाली मशीन का हिस्सा था। एयर लाइन ने जांच के बाद यह दावा किया।

### बिजनेस क्लास के यात्री ने सुनाया दुखड़ा

एअर इंडिया की नई दिल्ली-नेवार्क उड़ान की 'बिजनेस' श्रेणी के एक यात्री विनीत के. ने लिखा कि कुछ साल तक एमिरेट्स एअरलाइन के विमान से यात्रा करने के बाद हाल में मैंने एअर इंडिया को चुना क्योंकि न्यूयार्क, शिकागो और लंदन के लिए इसकी सीधी उड़ानें हैं। उन्होंने कहा, "कल की उड़ान किसी बुरे सपने से कम नहीं थी। एयर इंडिया द्वारा जो खाना दिया गया वह बासा था। मैं तड़के तीन बजकर करीब 30 मिनट पर सोना चाह रहा था सीट में यह प्रणाली काम ही नहीं कर रही थी। इसकी जानकारी क्रू मेंबर को दी मगर उनकी किसी ने नहीं सुनी।

## मोदी सरकार का पहला हफ्ता ही रहा चुनौतियों से भरा

# विदेश से आई मुश्किलें, अपनों ने भी बोला हमला

### सरकार को भ्रष्टाचार के मामले पर भी आना पड़ा बैकफुट पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मोदी 3.0 का पहला हफ्ता काफी चुनौतियों से भरा रहा। एक सप्ताह के भीतर देश-विदेश में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की छवि पर खराब असर पड़ा। यहां तक कि सरकार को भ्रष्टाचार के मामले पर भी बैकफुट पर आना पड़ा।

#### अपनों के हमले

इन घटनाओं पर बात करने से पहले बात होगी चुनाव नतीजों की। चुनाव नतीजे आने के बाद से ही मोदी सरकार और बीजेपी पर न सिर्फ विपक्षी दलों ने बल्कि बीजेपी के मातृ संगठन माने जाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने भी सवाल उठाए। आरएसएस के नेता रतन शारदा ने कहा कि इन चुनाव नतीजों ने अति आत्मविश्वास में बैठे बीजेपी के नेताओं को आईना दिखा दिया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान हमारे मूल्यों को बनाए रखा जाना चाहिए था, चुनाव प्रचार में गरिमा नहीं दिखी और उसने माहौल को जहरीला बना दिया। भागवत के बयान को भाजपा नेताओं विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों से जोड़कर देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार सरकार बनाने के बाद जब अपने पहले विदेश दौरे पर जी7 समिट में गए तो जहां कांग्रेस ने कहा, वे अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि बचाने समिट में जा रहे हैं वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री और कई बार सांसद रहे बीजेपी नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने कहा कि विदेश नीति में मोदी नौसिखिया हैं।




#### जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले

जम्मू और कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में लगातार आतंकी हमले हुए। इनमें सबसे बड़ा हमला हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर रियासी में हुआ जिसमें कई लोगों की जान गई। इसे लेकर विपक्ष ने गंभीर सवाल उठाए हैं। 9 जून के बाद से ही रियासी, कठुआ और डोडा में आतंकी हमले हो चुके हैं।

#### कुवैत में भारतीयों की मौत

कुछ दिन पहले कुवैत की एक इमारत में आग लग गई और इसमें 50 लोगों की जलकर मौत हो गई। इसमें से 46 लोग भारत के थे। हादसे को इस बात से जोड़ा कि अगर इन्हें हिंदुस्तान में ही अच्छा रोजगार मिल जाता तो यह कभी भी दूसरे मुल्क जाने को मजबूर नहीं होते।

#### नीट परीक्षा में धांधली

मोदी सरकार को एक और मुद्दे पर देश भर में विपक्षी दलों के साथ ही छात्रों के भी पुरजोर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यह मुद्दा नीट की परीक्षा में गड़बड़ियों के आरोप को लेकर है। नीट के नतीजे आने के बाद पेपर लीक होने के आरोप लगे और यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा है। जब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर विपक्षी दलों ने हमला किया तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहले तो नीट परीक्षा में गड़बड़ियों की बात को नकारा लेकिन अब उन्होंने माना है कि कुछ जगहों पर गड़बड़ियां हुई हैं। मोदी सरकार की इससे बहुत किरकिरी हो रही है।

#### सहयोगी दलों के नेताओं के बयानों से मुश्किल

*बीजेपी सरकार के बनते ही सहयोगी दलों के नेताओं के बयानों से भी वह मुश्किल में है। एनडीए सरकार में शामिल जेडीएस के नेता और केंद्रीय स्टील मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने गुजरात सरकार द्वारा एक अमेरिकी फर्म को दी जा रही सब्सिडी पर सवाल उठाया। इसी तरह उत्तर प्रदेश में बीजेपी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सहयोगी दल नहीं जानते कि गठबंधन को किस तरह निभाया जाए और जनता ने मोदी जी और योगी जी को खारिज कर दिया है।*

## खबर संक्षेप

### एंजेलिना जोली ने जीता पहला टोनी पुरस्कार

**लास एंजलिस।** अभिनेत्री एंजेलिना जोली ने 'द आउटसाइडर्सः ए न्यू म्यूजिकल' के निर्माण के लिए अपना पहला टोनी पुरस्कार जीता है। रविवार को टोनी पुरस्कार समारोह में अभिनेत्री अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ पहुंची। पुरस्कार वितरण के दौरान मां-बेटी वहां मौजूद रहीं। अभिनेत्री की बेटी विविएन जोली-पिट ने भी हिट ब्रॉडवे संस्करण पर नोट्स साझा किए। समारोह में निर्माता मैथ्यू रेगो ने टोनी पुरस्कार स्वीकार करते समय जोली को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने इस दौरान 'द आउटसाइडर्स' के लेखक एस.ई. हिंटन का भी नाम लिया,जो कि दर्शकों में मौजूद थे।



### दिल्लीवालों का जीवन आपके हाथ : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी की जबरदस्त किल्लत के बीच अब जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार के सामने हाथ जोड़े हैं। आतिशी ने हाथ जोड़ कर हरियाणा सरकार से कहा है कि दिल्ली वालों की जीवन अब आपके हाथ में हैं। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा, 'वजीराबाद बैराज से कई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स में पानी भेजा जाता है। लेकिन वजीराबाद बैराज में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। वाटर लेवल काफी नीचे चला गया है जिसकी वजह से नदी का तल नजर आ रहा है। हम सिर्फ हरियाणा सरकार से आग्रह कर सकते हैं कि वो दिल्ली के लोगों की समस्याओं का निदान करें।



### भारत बनेगा गहरे समुद्र मिशन वाला छठा देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत गहरे समुद्र मिशन वाला छठा देश बनने के लिए तैयार है। मंत्रालय की 100 दिवसीय कार्य योजना को लेकर आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिंह ने गहरे समुद्र मिशन की प्रगति पर गर्व और खुशी व्यक्त की। कहा कि भारत इस उपलब्धि को हासिल करने वाले कुछ देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने संस्थानों से आजीविका के लिए समुद्र और उसकी ऊर्जा पर निर्भर लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।



### पाकिस्तान लगा रहा इंटरनेट पर पाबंदी

**इस्लामाबाद।** चीन की तरह ही पाकिस्तान इंटरनेट पर पाबंदी लगा रहा है, जिससे इंटरनेट के इस्तेमाल पर रेगुलेट किया जा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, वॉट्सऐप, यूट्यूब और एक्स प्लेटफॉर्म पर कंट्रोल किया जा सके। बता दें कि जिस तरह चीन ने अपने देश में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा रखा है, उसी तर्ज पर पाकिस्तान भी चल निकला है। पाकिस्तान सरकार अपने खिलाफ सभी तरह की आवाजों को दबावे के मकसद से इंटरनेट और सोशल मीडिया पर पाबंदी लगा रही है।



## यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर है उपचुनाव

भगवा पार्टी के लिए प्रतिष्ठा की होने जा रही है लड़ाई

# राजनीतिक अखाड़े में फिर साथ उतरेंगे 'यूपी के लड़के'!

*लोकसभा चुनाव के बाद अब जबकि सरकार का गठन हो चुका है और केंद्र सरकार काम करना शुरू कर चुकी है तो अब सबकी निगाहें उत्तर प्रदेश की ओर है। वजह ये है कि देश की सबसे ज्यादा संसदीय सीटों वाले सूबे में अगले कुछ महीनों में उपचुनाव होने वाले हैं। 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की जमीन तैयार हो चुकी है, लेकिन एक बड़ा सवाल यह है कि क्या अखिलेश और राहुल की दोस्ती सूबे में भी जारी रहेगी?*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### कांग्रेस ने कहा, विस चुनाव में भी जारी रहेगा गठबंधन

इस पर यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे और यूपी कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भी सपा के साथ गठबंधन रहेगा। वहीं, दलित और गैर-यादव ओबीसी वोट के बड़े पैमाने पर सपा की ओर खिसकते देख सपा भी इस पर नरम हो गई हैं। कांग्रेस ने इनमें से कुछ सीटों पर उम्मीदवार उतारने में अपनी रुचि दिखाई है क्योंकि पार्टी को यूपी में सफल गठबंधन को आगे ले जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, सपा कांग्रेस पार्टी को एक से दो सीटें ऑफर कर सकती है, जिसमें गाजियाबाद भी शामिल हो सकता है। हालांकि सपा की ओर से इस संबंध में अब तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लोकसभा चुनावों में यूपी में अपने ठोस प्रदर्शन के बाद, कांग्रेस भी इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में कुछ सीटों पर नजर गड़ाए हुए है।



#### 9 विधायक बन चुके हैं सांसद

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी के कुल नौ विधायक विभिन्न लोकसभा सीटों से जीते। उनमें से अधिकांश ने अपनी लोकसभा सीटें बरकरार रखने के लिए पहले ही विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा, सिशामऊ विधानसभा सीट खाली होने जा रही है, क्योंकि इसके विधायक इरफान सोलंकी को आगजनी के मामले में 7 साल की सजा सुनाए जाने के बाद सदन की सदस्यता खोने की कगार पर है।

#### जीत की लय जारी रखना चुनौती

राज्य और केंद्र में मोदी-योगी फैक्टर और डबल इंजन सरकार होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में औसत से कम प्रदर्शन के बाद यह भगवा पार्टी के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई होने जा रही है। वहीं, यूपी में लोकसभा चुनाव में 10 साल के लंबे सूखे के बाद हासिल की गई जीत की लय को जारी रखने के लिए सपा और कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। 10 विधानसभा सीटों में से, यह अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट है जो शहर के बदलाव और राम मंदिर के निर्माण के बावजूद अयोध्या में हार के बाद भाजपा के निशाने पर होगी। बीजेपी सूत्रों का दावा है कि फैजाबाद में पासी उम्मीदवार से हारने के बाद बीजेपी मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में पासी उम्मीदवार को उतारने पर विचार कर रही है।

#### सपा प्रमुख ने भी खाली कर दी अपनी विस सीट

वहीं, सपा प्रमुख और कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव ने पहले ही अपनी करहल विधानसभा सीट खाली कर दी है ताकि वह अपनी संसदीय सीट बरकरार रख सकें, जहां उन्होंने भाजपा के सुभ्रत पाठक को भारी अंतर से हराकर जीत हासिल की थी, जबकि पार्टी के मिल्कीपुर (अयोध्या) विधायक अवधेश प्रसाद और लालजी वर्मा ने भी यही किया, उन्होंने भी अपनी विधानसभा सीटों से इस्तीफा देकर संसदीय सीटें हासिल की हैं। समाजवादी पार्टी करहल विधानसभा सीट से अखिलेश यादव के भतीजे और मैनपुरी के पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को मैदान में उतार सकती है।

#### इन सीटों पर भी उपचुनाव

अन्य सीटें जिन पर उपचुनाव होंगे, वे हैं कैथेरी, कुंदरकी (मुरादाबाद), खैर (अलीगढ़), सदर (गाजियाबाद), फूलपुर (प्रयागराज), मीरापुर और मझवा (मिर्जापुर)।

## एनडीए के सहयोगी दल को मिल सकती है डिप्टी स्पीकर पोस्ट

# लोकसभा स्पीकर पद पर समझौता नहीं करेगी बीजेपी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मोदी 3.0 सरकार के गठन के बाद से बीजेपी ने साफ कर दिया है कि वह अपने सहयोगियों के आगे नहीं झुकेगी। बीजेपी ने सहयोगी दलों को एक तरह से ये संदेश दे दिया है कि वह गठबंधन धर्म निभाएंगे, लेकिन सिर झुकाकर सरकार नहीं चलाएंगे। मंत्रिमंडल के बंटवारे में बीजेपी का वर्चस्व तो दिखा ही. अब बीजेपी ने लोकसभा स्पीकर के पद पर भी वीटो कर दिया है। इससे साफ है कि बीजेपी स्पीकर पद से समझौता नहीं करना चाहती. हालांकि, एनडीए सहयोगी दल को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी लोकसभा स्पीकर का पद अपने पास रखेगी और डिप्टी स्पीकर का पद एनडीए की सहयोगी दल को देगी। पार्टी आलाकमान ने एनडीए के सहयोगियों और विपक्षी दलों से बातचीत कर आम राय बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी गई है।

#### 24 जून से शुरू हो सकता है विशेष सत्र

सूत्रों के मुताबिक संसद का 8 दिवसीय विशेष सत्र 3 जुलाई तक रहेगा। इस विशेष सत्र में 24 और 25 जून को नए सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है, जबकि 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव हो सकता है। सूत्रों की मानें तो अगर विपक्षी दलों को डिप्टी स्पीकर का पद नहीं दिया गया तो वे स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकते हैं। इस संबंध में अंतिम निर्णय संसद सत्र शुरू होने से पहले लिया जाएगा।

#### चुनौती बना हुआ है स्पीकर-डिप्टी स्पीकर का पद

लोकसभा चुनाव में जीतकर एनडीए ने सरकार बना ली है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बन गए हैं और कैबिनेट में मंत्रियों को पोर्टफोलियो भी बंट चुका है। अब लोकसभा स्पीकर को लेकर चर्चा तेज हो गई है। बीजेपी एनडीए के लिए चुनौती बना हुआ है। पिछली सरकार में तो कोटा से बीजेपी सांसद ओम बिड़ला ने स्पीकर की गद्दी संभाली थी, लेकिन मौजूदा सरकार में इस पद को लेकर अभी चर्चा जारी है।

# 'वोट नहीं दिया इसलिए यादव और मुसलमानों का काम नहीं करूंगा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जेडीयू के नवनिर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने सीतामढ़ी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मुसलमान और यादवों का कोई काम नहीं करेंगे। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव में इस समाज का वोट नहीं मिलने से देवेश चंद्र ठाकुर आहत है। देवेश चंद्र ठाकुर ने खुले मंच से कहा कि 22 साल से राजनीति में सक्रिय होने के दौरान उन्होंने सबसे ज्यादा काम यादव और मुस्लिम समाज का किया। लेकिन चुनाव में इन लोगों ने बिना किसी कारण के उन्हें वोट नहीं किया। आगे जेडीयू सांसद ने कहा कि अगर आगे इस समाज के लोग काम करने आते हैं तो चाय नाश्ता जरूर कराएंगे लेकिन उनका काम नहीं करेंगे। जिनको आना है आये चाय नाश्ता करें और जाये,मदद की उम्मीद नहीं करें। सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है। देवेश चंद्र ठाकुर बिहार विधान परिषद के सभापति भी हैं।

- जदयू सांसद का विवादित बयान, राजद ने सदस्यता रद्द करने की मांग की





#### विपक्ष ने जताई कड़ी आपत्ति

ठाकुर के इस बयान पर राजद सहित विपक्षी दलों ने कड़ी आपत्ति जताई है। राजद के प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने कहा कि देवेश ठाकुर लंबे समय तक विधान परिषद के सभापति रहे हैं। ऐसे में इस तरह का बयान सही नहीं हैं। उनकी सदस्यता रद्द की जानी चाहिए। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ललन कुमार यादव ने कहा कि यह संगत का असर है। भाजपा के साथ जाने के बाद जदयू के नेताओं को भी धर्म और जाति दिखाई देने लगी। चुनाव में कौन किसे वोट देता है, नहीं देता है, यह चुनाव तक ही सीमित है। देवेश ठाकुर पूरे सीतामढ़ी क्षेत्र के सांसद चुने गए हैं। ऐसा अगर सभी जनप्रतिनिधि करने लगे तो क्या होगा?

## ईद-उल-अज़हा...




(1) ईद-उल-अज़हा के अवसर पर सोमवार को नई दिल्ली की जामा मस्जिद में बच्चे ईद-उल-अज़हा का जश्न मनाते हुए। (2) नमाज़ अदा करने के बाद बच्चे एक-दूसरे को बधाई देते हुए। (3) जामा मस्जिद में नमाज पढ़ते हुए मुस्लिम धर्मावलंबी।

## दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती था पेशंट

# गजब... 40 किमी दूर बैठे डॉक्टर ने कर दिया कैंसर का ऑपरेशन

*गुरुग्राम में मौजूद डॉक्टर ने टेलीसर्जरी तकनीक से किया सफल ऑपरेशन*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के रोहिणी स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर और 40 किलोमीटर दूर गुरुग्राम में मौजूद डॉक्टर की एक टीम ने इतिहास रच दिया है। डॉक्टर की टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए टेलीसर्जरी तकनीक के जरिए 40 किलोमीटर दूर भर्ती कैंसर मरीज का सफल ऑपरेशन किया है। शनिवार को हुआ ऑपरेशन एक करीब एक घंटे 45 मिनट तक चला। इस दौरान मरीज को चीरा लगाने से लेकर ट्यूमर निकालने की प्रक्रिया और वापस टांके लगाने तक की प्रक्रिया वर्चुअली की गई। यह ऑपरेशन कैंसर इंस्टीट्यूट के चिकित्सा निदेशक व जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर रावल और उनकी टीम ने किया है। डॉक्टर की टीम ने रोबोट की मदद से मरीज के मूत्र मार्ग के आसपास कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को काटकर बाहर निकाला है। मरीज की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों के मुताबिक, मरीज को इसी सप्ताह छुट्टी दी जा सकती है। दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में जिस वक्त ऑपरेशन किया गया उस समय डॉक्टर की टीम गुरुग्राम के एसएन इनोवेशन में थी। ऑपरेशन के दौरान इंटरनेट या तकनीक में कोई दिक्कत ना आए, इसकी पूरी व्यवस्था की गई थी। जिससे यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा।



#### रोबोट की मदद से इलाज

कैंसर इंस्टीट्यूट के चिकित्सा निदेशक डॉ. रावल ने बताया है कि अब देश के किसी भी कोने में मौजूद मरीज का इलाज टेलीसर्जरी से संभव है। ऑपरेशन के दौरान मेरे दोनों हाथ रोबोट पर थे। ऑपरेशन शुरू करने के कुछ ही सेकंड बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं ऑपरेशन थियेटर में हूं और मरीज सामने लेटा है। जिस तरह सामान्य ऑपरेशन में मरीज का सर्जरी वाला हिस्सा दिखता है, उसी तरह का विजन यहां 3डी क्वालिटी के साथ था। तीन दिन पहले ही इटली के रोम में बैठे चीनी डॉक्टर ने 13 हजार किमी दूर बीजिंग के अस्पताल में मरीज का सफल ऑपरेशन किया था। यह मरीज प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित था।

**कैसे हुआ ऑपरेशन?** : पूरा ऑपरेशन सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के जरिये हुआ. इसमें पांच पतली रोबोटिक भुजाएं होती हैं। इसमें एक इमर्सिव 3डी एचडी हेडसेट होता है जिसकी मदद से डॉक्टर को स्पष्ट दिखता है। इस तकनीक में मरीज को अंगुली से भी छोटा चीरा लगाया जाता है। इससे खून का बहाव भी कम होता है। इस ऑपरेशन में टांके व मरीज की रिकवरी पारंपरिक सर्जरी की तुलना में काफी जल्दी होती है।

# भारत-अमेरिका के एनएसए के बीच आईसीईटी समूह की हुई अहम समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान के बीच सोमवार को नई दिल्ली में भारत-अमेरिका इंनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमरजिंग टेकनोलॉजी (आईसीईटी) समूह की दूसरी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा हालात पर भी विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। अमेरिका की जीई एयरोस्पेस और भारत की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए विकसित जाने वाले एडवांस एफ-414 जेट इंजन का मुद्दा भी उक्त बातचीत में शामिल रहा। मंगलवार को दोनों एनएसए सीआईआई द्वारा आयोजित उद्योग समूह के सीईओ के साथ भारत-अमेरिका आईसीईटी गोलमेज वार्ता में शिरकत करेंगे।

#### खास बातें

- दोनों देशों की रक्षा और औद्योगिकी भागीदारी से लेकर क्षेत्रीय, वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मामलों पर किया गया विचार-विमर्श

रायपुर
मंगलवार, 18 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 22, अंक : 330
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 38.5
न्यून. 29.5

## टीटीई ही तोड़ते हैं रेलवे का नियम



एक तरफ रेलवे ने वेटिंग टिकट को स्लीपर और एसी कोच में नो एंट्री नियम बना रखा है, वहीं दूसरी ओर अमृतसर, दिल्ली, नागपुर, मुंबई, हावड़ा आदि स्टेशनों से जांच स्टाफ जनरल टिकट पर यात्रियों का टिकट बना देता है। इस टिकट के बनने से यात्री स्लीपर और एसी कोच में जाने के लिए अधिकृत हो जाता है, जिससे रेलवे के नियम भी टूटते हैं। यह यात्री जुर्माना देकर डिब्बे में एंट्री तो कर जाते हैं, लेकिन सीट नहीं मिलती। हालांकि रेलवे ने टीटीई से कहा है कि ट्रेन में अनावश्यक भीड़ को कम करना है। इसीलिए जिनके पास कन्फर्म टिकट है, वही सफर करेंगे।

# यात्रीगण ध्यान दें....वेटिंग टिकट पर यात्रा अब बैन, बिना कन्फर्म टिकट ट्रेन पर सवार हुए तो लगेगा जुर्माना

ललित राठोड़ ▶▶ रायपुर

ट्रेनों में लगातार बढ़ती भीड़ को कम करने अब रेलवे ने सख्त कदम उठाया है। अब वेटिंग टिकट पर यात्री स्लीपर और एसी कोच में सफर नहीं कर पाएंगे। ऑनलाइन टिकट खरीदने पर अगर टिकट कन्फर्म नहीं हुआ, तो रेलवे से रिफंड मिल जाता है, लेकिन काउंटर टिकट में यात्री रिफंड नहीं लेकर ट्रेनों में चढ़ जाते हैं। टीटीई भी ट्रेन में खड़े होने की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### चार्ट बनने तक कन्फर्म नहीं हुआ टिकट तो वेटिंग में अब यात्री स्लीपर व एसी कोच में नहीं कर पाएंगे सफर

हरिभूमि लगातार

### अगले स्टेशन पर ही उतार देगा टीटीई

ट्रेन में वेटिंग टिकट पर सफर कर लेते हैं, तो जांच स्टाफ उनसे जुर्माना वसूल कर अगले स्टेशन पर ही उतार देगा। इन आदेशों के सख्ती से लागू होने से रेलवे की आमदनी पर भी इसका असर पड़ेगा। मई से जून तक ट्रेनों में यात्रियों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। रायपुर से ▶▶ शेष पेज 6 पर



### एक डिब्बे से दूसरे डिब्बे में घूमते हैं यात्री

वेटिंग यात्रियों के सफर की शिकायतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा था। कन्फर्म टिकट पर यात्रा करने वाले यात्री ट्विट या फिर अन्य माध्यमों से रेलवे में शिकायत करते हैं। चलती गाड़ी में ही कार्रवाई करनी होती है। वेटिंग लिस्ट वाले यात्री एक डिब्बे से दूसरे डिब्बे में घूमते हैं और जहां सीट मिलती है बैठ जाते हैं। इससे कन्फर्म टिकट यात्री की यात्रा में खलल पड़ता है।

### अनावश्यक भीड़ कम करने बढ़ाई सख्ती

ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ को कम करने जोन में सख्ती बढ़ाई गई है। काउंटर से वेटिंग टिकट लेने वाले यात्रियों को स्लीपर और एसी कोच में सफर करने नहीं दिया जा रहा है। टीटीई ट्रेनों में जांच कर सख्ती से नियमों का पालन कर रहे हैं।
- **विकास कश्यप**, सीपीआरओ, दपूमरे


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### अमरनाथ यात्रा: पुलिस ने किया 'मॉकड्रिल'



**जम्मू**। वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले पुलिस के त्वरित प्रतिक्रिया दल और विशेष अभियान समूह ने जम्मू में तीर्थयात्रा के आधार शिविर में व्यापक 'मॉकड्रिल' का आयोजन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब गृह मंत्री अमित शाह ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की।

### सीडीएस चौहान सुरक्षा समीक्षा करने जम्मू पहुंचे



**जम्मू**। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सोमवार को जम्मू के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे, जहां वह क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति और अभियान संबंधी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सीडीएस चौहान नागरोटा में 16 कोर मुख्यालय पहुंचे।

### बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर सेना को ड्रोन से दिखा शव



**जम्मू**। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया गया। इस इलाके में दो आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने ये कार्रवाई की। ये मुठभेड़ बांदीपोरा के अरागम इलाके में रविवार शुरू हुई थी। सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों तरफ से घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया।

### वृंदावन और बरसाना में रोपवे से सुगम होगी यात्रा



**मथुरा**। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की यात्रा सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद ने बरसाना और वृंदावन में दो अनूठी रोपवे परियोजना शुरू की है। बृज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना रोपवे का प्रायोगिक परीक्षण आज किया जाएगा।

### विवादास्पद पोस्ट पर केरल कांग्रेस ने माफी मांगी



**तिरुवनंतपुरम**। केरल कांग्रेस ने सोमवार को ईसाई समुदाय से माफी मांगी। इससे एक दिन पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पोप फ्रांसिस के साथ उनकी हालिया मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर कटाक्ष किया था, जिससे राज्य में राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया था।

### देश के मौसम का हाल : मप्र में तूफान का ऑरेंज अलर्ट, उत्तर भारत में लू का कहर

# कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट छग के दरवाजे तक पहुंचा मानसून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने सोमवार को 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। यहां 20 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। इधर बिहार, झारखंड, ओडिशा, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में एक-दो दिन में बारिश की संभावना है। हालांकि यहां हीटवेव का भी रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि मध्य प्रदेश में प्री मानसून एक्टिविटी के चलते अगले 5 दिन बारिश का दौर रहेगा। यहां तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल में सोमवार सुबह तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई।

*मानसून का इंतजार कर रहे लोगों को जल्द ही गर्मी से निजात मिलने वाली है। मौसम विभाग ने असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और उप-हिमालय पश्चिम बंगाल में आज 18 जून तक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। देश के कई हिस्सों में मॉनसून आने के बाद से ही बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार मप्र में बारिश शुरू हो गई है छत्तीसगढ़ में कभी भी बारिश का दौर शुरू हो सकता है। कुछ राज्यों को अभी मॉनसून का इंतजार करना पड़ सकता है। उत्तर भारत में अभी भी हीट वेव की स्थिति बनी हुई है। यूपी में 52 तथा बिहार में 8 लोगों की मौत 24 घंटे के अंदर गर्मी के कारण हो गई।*

### कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान, विदर्भ, मराठवाड़ा, तेलंगाना, सिक्किम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। वहीं एक-दो दिन में दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश, ओडिशा, दक्षिण और पूर्वी गुजरात के कुछ हिस्सों, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, केरल, लक्षद्वीप, कोंकण और गोवा और मध्य महाराष्ट्र में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

### सिक्किम में बाढ़ जैसे हालात



इसके अलावा आईएमडी ने कहा कि नॉर्थ के दो राज्यों असम और मेघालय में सोमवार को 204 मिमी तक बारिश हो सकती है। नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों हफ्ते भर से तेज बारिश का दौर चल ही रहा है। सिक्किम के कुछ जिलों सहित कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में तापमान में गिरावट नहीं

मौसम विभाग ने कहा है कि बारिश के दौर के बावजूद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक तापमान में गिरावट नहीं होगी, लेकिन उसके बाद टेम्परेचर 2-3 डिग्री नीचे आ सकता है। रविवार को भी देश के कई राज्यों में बारिश हुई।

### यूपी में गर्मी से 24 घंटे में 52 मौत

वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। 24 घंटे में 6 जिलों- आगरा, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, वाराणसी और अमेठी में 52 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 22 मौतें वाराणसी में हुईं। यहां रामनगर में सोमवार सुबह एक पिकअप ड्राइवर की ड्राइविंग सीट पर बैठे-बैठे मौत हो गई। 4 ट्रक ड्राइवरों के शव उनकी गाड़ियों में मिले। हालांकि, प्रशासन ने अभी मौत की वजह नहीं बताई।

### कई जगह पारा अभी भी 47 डिग्री पर

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को प्रयागराज देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश में 2 दिन तक सीवियर हीटवेव का अलर्ट है। वहीं, बिहार पंजाब, दिल्ली, बिहार और झारखंड में सीवियर हीटवेव की चेतावनी है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान

# नीट में कुछ गड़बड़ी पाई गई तो नहीं बख्शा जाएगा एनटीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मेडिकल के यूजी कोर्सेज में प्रवेश के लिए होनी वाली परीक्षा नीट से जुड़े विवादों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जवाबदेही और निष्पक्षता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस गड़बड़ी में जो भी दोषी पाए जाएंगे, फिर चाहे वह नेशनल टेस्टिंग एजेंसी भी हो, उसको भी बख्शा नहीं जाएगा। सरकार विसंगतियों के सुधार का कार्य कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों पर 1,563 उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा का आदेश दिया गया है। दो जगहों पर गड़बड़ी पाई गई हैं और सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है।

### किसी भी दोषी को नहीं बख्शा जाएगा

शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा नीट में कुछ विसंगतियां ध्यान में आई हैं। सरकार उसके सुधार के काम में लगी है। जहां-जहां इस प्रकार की गड़बड़ियों की सूचना पुख्ता जानकारी के साथ मिल रही है, उस पर कोर्ट की निगरानी में कार्रवाई की जा रही है। प्रधान ने कहा कि अगर एनटीए के बड़े अधिकारी दोषी पाए गए तो उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।


### कांग्रेस ने लगाया नीट का पर्चा लीक होने का आरोप

गौरतलब है कि कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दल और छात्र संगठन एमबीबीएस जैसे मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए होने वाली नीट में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने नीट का पर्चा लीक होने का आरोप लगाया है। इसको लेकर स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच की मांग की गई है। जिन केंद्रों पर बड़े हाई स्कोरर हैं, उनके वीडियो जारी किए जाने चाहिए। इससे घोटाले की पहचान हो सकेगी। पता लग सकेगा की परीक्षा के बाद या एनटीए कार्यालय में ओएमआर भरा गया था या अन्य कोई गड़बड़ी हुई थी।

### झारखंड के चाईबासा में भीषण मुठभेड़

# झारखंड में जोनल कमांडर सहित चार नक्सली ढेर

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड के चाईबासा जिला अंतर्गत गुवा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी नक्सली मारे गए हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है। चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि गुवा के जंगल में नक्सलियों के इकट्ठा होने की सूचना पर सुरक्षा बलों और पुलिस की टीम संयुक्त पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों ने उन पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। कुछ अन्य नक्सलियों को भी गोली लगने की सूचना है। सुरक्षाबल सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। बता दें कि इसके पूर्व शनिवार को छत्तीसगढ़ में सुरक्षा जवानों ने 8 नक्सलियों को ढेर कर दिया।

### बड़े-बड़े पद पर रहे मारे गए नक्सली

एसपी शेखर ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में 10 लाख रुपए का इनामी जोनल कमांडर सिंगराई उर्फ मनोज, पांच लाख का इनामी सब-जोनल कमांडर कांडे होनहागा उर्फ दिरशुम, दो लाख का इनामी एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम शामिल है। इनके अलावा जिस महिला नक्सली की मौत हुई है, उसकी पहचान जुनगा पूर्ति उर्फ मारला के रूप में की गई है।

### दो जिंदा पकड़ाए हथियार बरामद

लगभग घंटे भर चली मुठभेड़ के बाद मौके से चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। वहीं दो नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है. सुरक्षा बलों की ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. मौके से पुलिस ने कई हथियार और अन्य सामान भी बरामद किए हैं।

### छत्तीसगढ़ में मारे गए थे 8 नक्सली


ज्ञात हो कि शनिवार 15 जून को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 नक्सली मारे गए थे। इन 8 नक्सलियों में 6 वरिष्ठ कैडर के थे और उन पर कुल 48 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया गया था। ये पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की सैन्य कंपनी नंबर 1 और माड डिवीजन की आपूर्ति टीम के थे। इससे पहले 5 जून को नारायणपुर में 6 नक्सली मारे गए थे।

# 60% अग्निवीरों को स्थायी नौकरी, 7 साल का कार्यकाल, दावों को सरकार ने बताया फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान दावा किया था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निपथ योजना को खत्म कर देंगे। इसके बाद चुनावी नतीजे आने के बाद यह भी मामला सामने आया कि एनडीए में बीजेपी के सहयोगी दलों ने भी अग्निवीर योजना में बदलाव का मुद्दा उठाया है। दावा यहां तक किया जाने लगा कि सरकार ने अग्निपथ योजना में बदलाव की कवायद शुरू कर दी है और इसके तहत 60 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी नौकरी के साथ ज्यादा सैलरी और 7 साल का कार्यकाल करने का दावा किया गया लेकिन, अब सरकार ने इसको लेकर सब कुछ साफ कर दिया है।

### अग्निपथ योजना में हो रहे ये बदलाव को लेकर सरकार ने सब कुछ किया साफ



### विपक्ष उठा रहा अग्निपथ योजना पर सवाल

गौरतलब है कि शुरू से ही अग्निपथ योजना की आलोचना कर रहे विपक्षी दल लगातार अग्निपथ योजना पर सवाल उठा रहे हैं। विपक्ष ने लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान आक्रामक रूप से इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाया था। कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में आने पर इस योजना को खत्म करने का वादा किया था।

### पीआईबी फैक्ट चैक ने किया स्पष्ट

पीआईबी फैक्ट चेक ने अपने एक्स हैंडल पर स्पष्ट किया, 'एक फर्जी व्हाट्सएप संदेश में दावा किया गया है कि अग्निपथ योजना को कई बदलावों के साथ समीक्षा के बाद 'सैनिक सम्मान योजना' के रूप में फिर से शुरू किया गया है।

# वर्ल्ड रिकार्ड : फर्ग्युसन ने 4 ओवर में चारों मेडन फेंक झटके 3 विकेट

एजेंसी ▶▶ तारोबा

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने चार ओवर में चार मेडन फेंकते हुए तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने गेंदबाज ने यह कारनामा आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ किया। फर्ग्युसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सबसे किफायती गेंदबाजी का वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। वह इस प्रारूप के इतिहास में केवल दूसरे गेंदबाज बने जिसने अपने चारों ओवर मेडन फेंके। उन्होंने कनाडा के साद बिन जफर की बराबरी की। जफर ने नवंबर 2021 में टी20 विश्व कप अमेरिका क्षेत्रीय क्वालीफायर मैच के दौरान कनाडा के खिलाफ चार ओवर में बिना रन दिए दो विकेट चटकाए थे।

### टी20 विश्व कप




### 7 विकेट से जीता न्यूजीलैंड

पहले बल्लेबाजी करते हुए पीएनजी की टीम 19.4 ओवर में 78 रन पर ढेर हो गई। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (35), कप्तान केन विलियमसन (नाबाद 18) और डेरिल मिचेल (नाबाद 19) की पारियों से 12.2 ओवर में तीन विकेट पर 79 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### याचिका में कहा गया, सालाना आय 3 लाख से कम तो ईडब्ल्यूएस के तहत मिलनी चाहिए पात्रता

# ईडब्ल्यूएस वाले बच्चे बड़े निजी स्कूलों में नि:शुल्क पढ़ाई के पात्र, प्राइवेट स्कूल नहीं कर सकते हैं मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत दायर एक याचिका में कहा गया है कि ईडब्ल्यूएस वाले बच्चे पास के निजी स्कूलों में निःशुल्क पढ़ाई के लिए पात्र हैं लेकिन उन्हें एडमिशन से वंचित कर दिया जाता है। नियमों में उलझाकर निजी स्कूल संचालक बच्चों को बाहर कर देते हैं जबकि आरटीई के प्रावधानों में साफ है कि जिसकी सालाना आय 3 लाख रुपए से कम है, वह ईडब्ल्यूएस के तहत मिलने वाले लाभ का पात्र होगा। हाईकोर्ट ने मामले में राज्य सरकार और निजी स्कूलों से दो सप्ताह में जानकारी मांगी है। एक मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### हाईकोर्ट ने मामले में राज्य सरकार और निजी स्कूलों से दो सप्ताह में मांगी जानकारी




### ईडब्ल्यूएस के कोटे को बीपीएल कोटे में बदल दिया

एक-दूसरे मामले में सुनवाई हुई, जिसमें कहा गया कि राज्य सरकार ने ईडब्ल्यूएस वर्ग का कोटा कम कर दिया है जबकि यह केन्द्र का मामला है और राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। राज्य सरकार ने 2007 की सूची के आधार पर ईडब्ल्यूएस वर्ग कोटे को बीपीएल कोटे में बदल दिया है जो गलत है। याचिका में यह भी कहा गया कि केन्द्र का नियम है कि ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत वह माता ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बच्चे को पढ़ाई से रोका नहीं जा सकता

ये मामला 2012 से कोर्ट में चल रहा है। 2016 में हाईकोर्ट ने विस्तार से इस बारे में निर्देश जारी किया था लेकिन प्राइवेट स्कूलों ने उसे ठीक से लागू नहीं किया। इसी शिकायत को लेकर एडवोकेट देवर्षी ठाकुर ने फिर से कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस पर शासन ने दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा है कि 6 से 14 आयु समूह के बच्चों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा बच्चों का अधिकार है। बच्चे को आर्थिक एवं सामाजिक आधार पर पढ़ाई से रोका नहीं जा सकता है।

### पात्र बच्चों को किया जा रहा वंचित

याचिका में बताया गया कि प्राइवेट स्कूलों में पहली कक्षा के नामांकन में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब छात्रों को मुफ्त में नामांकन लेना है, एवं निशुल्क पढ़ाई कराना है। लेकिन गरीब बच्चों के नामांकन में प्राइवेट स्कूल के संचालकों की मनमानी जारी है। घर से 100 मीटर के दायरे में एडमिशन के नियम के आधार पर कई बच्चों को प्रवेश वंचित किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने मामले में कहा कि आरटीई अधिनियम के तहत पड़ोस के स्कूलों में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का मौलिक अधिकार है। गरीब माता पिता भी अपने बच्चों को बच्चे को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने की इच्छा रखते हैं तो वे अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में नामांकन करा सकते हैं।

## चिंतन

# देश में रेल से यात्रा को सुरक्षित बनाना जरूरी

भारत में दुनिया का विशाल रेल नेटवर्क है, तकरीबन तीन करोड़ लोग प्रतिदिन रेल यात्रा करते हैं। सैकड़ों रूट लंबी दूरी के हैं, जिसमें तीन दिन में यात्रा पूरी होती है। ऐसे में रेल संचालन का सुरक्षित होना जरूरी है। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रेल हादसा देश की रेल सुरक्षा पर सवाल उठाता है। बेशक इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या कम है, लेकिन जिस तरह खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में उसी ट्रैक पर मालगाड़ी ने भीषण टक्कर मारी है, यह हादसा मानवीय गलती ज्यादा लगती है। मालगाड़ी को सिग्नल कैसे मिला? जबकि उसी ट्रैक पर कंचनजंगा एक्सप्रेस थी। इस हादसे को लेकर पहले रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा की ओर से कहा गया कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की, लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया, इसलिए मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। यह बात गले उतरने वाली नहीं थी, इस हादसे में ड्राइवर व गार्ड की मौत हुई है। रेल में रेल ड्राइवर सिग्नल को ओवरशूट नहीं करते हैं, कारण रेलवे के संचालन में ड्राइवर से अधिक स्टेशन प्रबंधन की भूमिका होती है। हर दो स्टेशन के बीच दोनों स्टेशन मास्टर, गार्ड व लोको पायलट के बीच प्रॉपर संचार होता है। मीडिया में सूत्रों के हवाले से आई खबरों के मुताबिक, रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। इस बात को भी सच मान लिया जाय तो यह स्टेशन मास्टर की जिम्मेदारी थी कि उस स्टेशन की ओर आ रही सभी ट्रेनों के ड्राइवर व गार्ड को सूचना देते कि रेड सिग्नल खराब है, वहां मैनुअली सिग्नल मैन झंडे के साथ तैनात किए जा सकते थे। पर स्टेशन प्रबंधन ने ऐसा करना उचित नहीं समझा। देश में यह पहला रेल हादसा नहीं है, वरन इससे पूर्व अनेक भीषण रेल हादसे हुए हैं, जिनमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है। हर हादसे के बाद रेलवे की सुरक्षा को लेकर आवाज उठाई जाती है, सरकार की ओर से इसे ठीक करने का वादा किया जाता है, लेकिन रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती है। पश्चिम बंगाल की इस रेल दुर्घटना पर रेलवे बोर्ड की ओर से कही गई है कि यह रेलवे ट्रैक ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं था। भारत में अभी भी सैकड़ों रेलवे ट्रैक हैं, जो ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं है। इस हादसे की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। क्या यह हादसा, खराब सिग्नल की वजह से हुआ या यह ड्राइवर की चूक से हुआ या इंटरलॉकिंग फेल्योर के चलते हुआ? रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर सोमवार को जहां पर सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां 'कवच' या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की योजना बनाई जा रही है। आखिर इस रेल हादसे के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या उन्हें सजा मिलेगी? या फिर जिम्मेदारी की लीपापोती होगी? आखिर हमारा रेल तंत्र पूर्ण सुरक्षित कब होगा? रेल यात्रा अभी भी भारत की सबसे अधिक विश्वसनीय व सुरक्षित यातायात बनी हुई है। यह सरकार की आय का बड़ा साधन भी है। रेलवे के संचालन को सुरक्षित, नई तकनीक से लैस, आपसी संचार प्रणाली को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। तभी हादसे रुकेंगे।



राजनीति
राज कुमार सिंह

# दलबदलुओं को नकार रहा जनमत

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। असल संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 प्रतिशत और 56.5 प्रतिशत थी, जो 2024 में 32.7 फीसदी रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा।

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। सत्ता को ही राजनीति का पहला और अंतिम सच मानने वाले नेता चुनाव जीतने के लिए दलबदल में संकोच नहीं करते। दलों को भी दलबदलुओं पर दांव लगाने से परहेज नहीं, पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को मतदाताओं का आभारी होना चाहिए, जिन्होंने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार दिया। दलबदल की बीमारी किस तरह नासूर बनती जा रही है, इसका अंदाजा इसीसे लगाया जा सकता है कि अठ्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव में डेढ़ सौ से भी ज्यादा दलबदुओं पर दलों ने दांव लगाया। भाजपा खुद को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बताती है, पर उसीने सौ से भी ज्यादा दलबदलुओं को टिकट दिया। उत्तर प्रदेश में यह खेल बड़े पैमाने पर खेला गया। विभिन्न दलों ने 30 दलबदलू चुनाव मैदान में उतारे, जिनमें से 12 हार गये। बसपा ने 11 दलबदलुओं को टिकट दिया। जीतना तो बहुत दूर, सभी तीसरे स्थान पर रहे। पिछली बार 10 लोकसभा सीटें जीतने वाली बसपा का इस बार खाता तक नहीं खुला। वैसे सपा द्वारा चुनाव मैदान में उतारे गये नौ में से सात और भाजपा द्वारा टिकट दिये गये तीन में से दो दलबदलू जीत भी गये।

दिल्ली के तीन ओर बसे हरियाणा में भाजपा ने दलबदलू अशोक तंवर पर दांव लगाया, पर सिरसा के मतदाताओं ने उन्हें नकारते हुए कांग्रेस की कुमारी सैलजा को चुना। नेहरू परिवार के करीबी माने जाने वाले तंवर खुद कभी हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से टकराव के चलते तंवर ने 2019 में कांग्रेस छोड़ी। पहले अपना मोर्चा बनाया। फिर तृणमूल कांग्रेस और आप से होते हुए ठीक चुनाव से पहले तंवर ने कमल थाम लिया। हरियाणा के मंत्री रणजीत चौटाला चौधरी देवीलाल के बेटे हैं। भाई ओम प्रकाश चौटाला से पटरी न बैठने पर कांग्रेस में गये थे। विधायक और मंत्री भी रहे। पिछली बार निर्दलीय विधायक बन कर भाजपा की सरकार में मंत्री बने। इस बार भाजपा ने हिसार से उम्मीदवार भी बना दिया, पर कांग्रेस के जय प्रकाश से हार गये। वैसे कांग्रेस से लाकर कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाये गये नवीन जिंदल जीत भी गये। पंजाब की आन-बान-शान की बड़ी चर्चा होती है, पर शायद राजनेताओं का उससे ज्यादा सरोकार नहीं। कैप्टन अमरेंद्र सिंह कांग्रेस द्वारा 2021 में अपमानजनक तरीके से मुख्यमंत्री पद से हटाये जाने के कुछ अरसा बाद ही भाजपा में चले गये थे। उनकी सांसद पत्नी परनीत कौर लोकसभा चुनावों से कुछ ही पहले गयीं। भाजपा ने टिकट भी दे दिया, पर पटियाला के मतदाताओं ने कांग्रेस की केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुकीं परनीत कौर को तीसरे स्थान पर रखा। परनीत कौर 2014 में भी पटियाला से चुनाव हारी थीं। तब भी डॉ धर्मबीर गांधी ने ही हराया था। तब गांधी आप के उम्मीदवार थे, जबकि इस बार कांग्रेस के।

लुधियाना से भी भाजपा ने तीन बार के कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू पर दांव लगाया, पर मतदाताओं ने नकार दिया और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह



राजा वडिंग सांसद बन गये। बिट्टू के लिए संतोष की बात है कि चुनाव हारने के बाद भी केंद्र में राज्य मंत्री बना दिये गये हैं। भाजपा की रणनीति उन्हें पंजाब की राजनीति में अपने सिख चेहरे के रूप में पेश करने की है। जालंधर का उदाहरण और भी गजब है। कांग्रेस सांसद की मृत्यु के बाद वहां उप चुनाव होने पर आप ने कांग्रेस पार्षद रहे सुशील कुमार रिंकू पर दांव लगाया। मतदाताओं ने जिता भी दिया, पर इस बार चुनाव से पहले पाला बदल कर रिंकू भाजपाई हो गये। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद पहली बार अकेले लोकसभा चुनाव लड़ रही भाजपा ने टिकट भी दे दिया, लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जिता दिया। जालंधर से आप ने भी अकाली दल के दलबदलू पवन कुमार टीनू पर दांव लगाया था। झारखंड में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के चलते मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बावजूद जब सरकार नहीं गिरी, तब भाजपा ने उनकी भाभी सीता सोरेन से दलबदल करवाया। सीता सोरेन को दुमका से लोकसभा टिकट भी दिया, पर मतदाताओं ने नकार दिया। बिहार में वाल्मीकि नगर से टिकट न मिलने पर भाजपा छोड़ राजद में शामिल हुए दीपक यादव भी जद यू उम्मीदवार सुनील कुमार से हार गये। मुजफ्फरपुर सीट से भाजपा सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस के टिकट पर लड़े, पर मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया। दिलचस्प यह है कि मतदाताओं ने जिन भाजपाई उम्मीदवार राज भूषण चौधरी को जिताया, वह भी मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी से दलबदल कर आये थे। आगामी विधानसभा चुनावों के सामाजिक गणित के मद्देनजर राज भूषण चौधरी को केंद्र में राज्य मंत्री भी बना दिया गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में वे राजग को कितना लाभ पहुंचा पाएंगे, यह तो चुनाव के बाद ही पता लगेगा।

एके एंटनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। केंद्र में मंत्री और केरल के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर उनके बेटे अनिल एंटनी अब भाजपा में हैं। उन्हें पथानामथिट्टा से उम्मीदवार भी बनाया गया, पर कांग्रेस उम्मीदवार एटो एंटनी से हार गये। राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट पर भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सांसद ज्योति मिर्धा पर दांव लगाया, लेकिन वह राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के निवर्तमान सांसद हनुमान बैनीवाल से हार गयीं। चुरू से राहुल कस्वां पिछली बार भाजपा के टिकट पर सांसद बने थे। इस बार भाजपा ने पैरालंपिक गोल्ड मैडलिस्ट देवेंद्र झांझड़िया पर दांव लगाया तो राहुल कांग्रेस उम्मीदवार बन गये और जीत भी गये। तृणमूल कांग्रेस से वापस लौट कर बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार बने अर्जुन सिंह इस चुनाव में तृणमूल के पार्थ भौमिक से हार गये। पश्चिम बंगाल में तृणमूल से भाजपा में शामिल हुए पांच बड़े दलबदलुओं में से मात्र एक सौमेंदु अधिकारी ही जीत पाये। महाराष्ट्र में चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तोड़ कर एकनाथ शिंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री बने अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा तक को चुनाव नहीं जितवा पाये और अब उन्हें राज्यसभा में भेजने की कोशिश में हैं। यह सूची बहुत लंबी बन सकती है, पर सबक यही है कि दलबदलुओं को सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा। सत्ता के खिलाड़ी राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सुखद संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 और 56.5 थी, जो 2024 में 32.7 रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। चुनाव के बाद भी सरकार बनाने के लिए की जाने वाली जोड़-जोड़ व पाला बदल पर लगाम की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सरोकार

डॉ. परदेशीराम वर्मा



# नई सरकार और छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी

छत्तीसगढ़ में 2024 का वर्ष आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ताजपोशी के लिए जाना जाएगा। छत्तीसगढ़ में हार जीत का सूत्र आदिवासियों के हाथ में रहेगा यह विगत दो दशक की चुनावी यात्राओं से सबने जान लिया है। जिस तरह देश में सत्ता की बागडोर थामने के लिए उत्तरप्रदेश के समर्थन का महत्व होता है उसी तरह छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का समर्थन यहाँ सत्ता में आने के लिए जरूरी सा हो गया है। बड़ी खुशी की बात है कि 24 वर्षों बाद खांटी आदिवासी मुख्यमंत्री कुर्सी पर बैठे । सरगुजा क्षेत्र के एक गांव में पंच, सरपंच फिर विधायक, सांसद, केन्द्र में मंत्री बनकर अनुभव से समृद्ध विष्णुदेव साय हमारे मुख्यमंत्री बने। लेकिन छः महीनों में उनके समर्थक और प्रशंसक थोड़े चिंतित होने लगे हैं। विष्णुदेव साय बहुत प्रभावी मुख्यमंत्री खुद को सिद्ध करंगे तब जाकर आने वाले समय में इस भ्रांति को लोग भूलेंगे कि शासन करने के लिए और सुराज के लिए भी आदिवासी अब पूरी तरह सक्षम और सुयोग्य हैं। न केवल आदिवासी बल्कि दलित, पिछड़े और गरीब छत्तीसगढ़ियों की आशा भी उनसे बंधी है।

सरकारें आती जाती हैं मगर कुछ लोग अपनी कार्यक्षमता, उदारता दूरदृष्टि से सदैव याद किए जाते हैं। नेहरू और अटल बिहारी बाजपेयी की उदारता इतिहास में दर्ज है। अपनी उदार मान्यताओं के लिए ये महापुरूष खुद की पार्टी के राह भटकों को राजधर्म सिखाते थे । राजधर्म सिखाने के लिए साफ शब्दों और विचारों का प्रयोग करते थे। शब्दों की बाजीगरी नहीं करते थे बल्कि कबीराना अंदाज में ये नसीहत देते थे। असहमति को सम्मान देने का यह गुण उन्हें बड़प्पन देता है। सामान्य तौर पर सरकार में आते ही लोग पिछली सरकारों के जनहित के कामों को भी दरकिनार करना अपनी रणनीति का हिस्सा बना लेते हैं। छत्तीसगढ़ में इसीलिए पिछले पाँच वर्ष छत्तीसगढ़ी भाषा और छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के लिए बुरे सपने की तरह सिद्ध हुए।

छत्तीसगढ़ी भाषा के उन्नयन के लिए गठित राजभाषा आयोग को संस्कृति विभाग का शक्तिहीन हिस्सा बना दिया । हिन्दी के विकास के लिए अलबत्ता साहित्य परिषद बना। साहित्य परिषद के प्रमुख ने अपने कार्यकाल में किसी छत्तीसगढ़ी साहित्यकार को अपने कार्यक्रमों और आयोजनों छत्तीसगढ़ी में लिखने के कारण नजदीक भी फटकने नहीं दिया। हिन्दी और छत्तीसगढ़ी दोनों में लिखने वालों को छत्तीसगढ़ी में लिखने का पाप करने के कारण आयोजनों से दूर रखा गया। ऐसे ही पाँच साल बीत गए। इसलिए नए आदिवासी मुख्यमंत्री की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें उदार दृष्टि सम्पन्न और व्यापक सोच वाले हर क्षेत्र के विशेषज्ञों और छत्तीसगढ़ का हित चाहने वालों को काम करने का अवसर देना होगा। अभी एक चुनाव के बाद दूसरा बड़ा चुनाव निपटा है। इसीलिए शिकायत की स्थिति भी नहीं है किन्तु अब समय आ गया है कि जो उनसे मिलना चाहें उन्हें मिलने का अवसर ठीक उसी तरह मिले जिस तरह डॉ. रमनसिंह के कार्यकाल में मिलता था। विशेषकर साहित्य और कला के क्षेत्र में सन्नाटा टूटना चाहिए। श्रीराम से जुड़े आयोजनों में बाहर के कलाकारों, कविनुमा प्रवचनकारों को अवतारी पुरूष की तरह पिछले पाँच वर्षों में पूजा गया। स्थानीय कलाकार साहित्यकार चूँकि संगठित नहीं हो पाते इसलिए उन्हें किसी गिनती में नहीं लिया गया।

किसी प्रान्त की पहचान उसकी भाषा और संस्कृति से ही होती है। देश के कुछ प्रान्त अपनी अस्मिता के प्रति बेहद सचेत हैं । छत्तीसगढ़ में भी डॉ. खूबचंद बघेल ने अस्मिता के लिए लड़ना सिखाया। लेकिन छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा का बना बनाया मंच छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग हिल रहा है । पिछले पांच वर्षों में उसके पाए कमजोर हो गए।


मुख्यमंत्री जी स्वयं छत्तीसगढ़ी में पढ़कर यहां तक पहुँचे हैं । हम सब गांव के उम्रदराज लोग प्राथमिक पढ़ाई छत्तीसगढ़ी में ही करते रहे । छत्तीसगढ़ी शासकीय तौर पर पढ़ाने का माध्यम नही था । मगर पढ़ाई गांवों में छत्तीसगढ़ी में ही होती है। हिन्दी को सीखना पड़ता था । छत्तीसगढ़ी हमारी मां की भाषा है इसलिए इसे हम दूध के साथ नैसर्गिक रूप से पाते हैं । इसीलिए छत्तीसगढ़ी को ऊंचाई और मजबूती देना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के साहित्यकार और आमजन छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये से आहत रहे। अब स्थिति सुधरनी चाहिए । पढ़ाई भी मातृभाषा में ही ठीक से होती है। दुनिया के महान लोग मातृभाषा में ही पढ़कर निकले।

छत्तीसगढ़ी के साथ छत्तीसगढ़ में यथोचित सम्मानजनक शासकीय पहल जरूरी है। छत्तीसगढ़ पूरे छत्तीसगढ़ के मैदानी और वनक्षेत्रों की भाषा है। छत्तीसगढ़ी में गोंडी, हलबी, भतरी आदि बोलियां मिली हुई हैं। सबको जोड़कर छत्तीसगढ़ी की मुख्य धारा बनती है। डॉ. रमनसिंह जी के मुख्यमंत्री काल में छत्तीसगढ़ी भाषा पर बहुत काम हुआ। अनुवाद, पाठ्यक्रम निर्धारण के लिए महीनों कार्यशालाएं चली। हिन्दी, छत्तीसगढ़ी और अंग्रेजी का मिलाजुला त्रिभाषाई शब्दकोष बना। वह रचनात्मक दौर लौटे यह आशा हम सब कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी दुनिया भर में सम्मानित महान संत गुरू बाबा घासीदास के विचार और संदेश की भाषा है। छत्तीसगढ़ी में ही उन्होंने संसार को मानवता का सार समझाया। जिसे सब समझ पाये।

मनखे मनखे ल मान सगा भाई के समान छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा को यथोचित महत्व मिले यह हम सबकी कामना है ।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
प्रेरणा

एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक-रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे क्षमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## पर्यटन वर्ष




**नई दिल्ली।** कंबोडिया के पर्यटन मंत्रालय के राज्य सचिव लांग फिरम और पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक (पर्यटन) मनीषा सक्सेना ने सोमवार को नई दिल्ली में संयुक्त रूप से प्रथम कंबोडिया-भारत पर्यटन वर्ष 2024 का शुभारंभ किया।

## आज की पाती

### जरूरी है बुजुर्गों का सम्मान

हर वर्ष 15 जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, भेदभाव और उपेक्षा रोकने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत से देशों में भी हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष रिपोर्ट में सामने आया है कि हमारे देश में बुजुर्ग आबादी बहुत बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2046 तक वृद्धि दर 41 प्रतिशत होने का अनुमान है और शायद वर्ष 2050 तक यह आबादी दोगुना हो जाए। बुढ़ापा हर प्राणी को आता है। हमें यह सुनिश्चित बनाना है कि बुजुर्गों का सम्मान अनिवार्य रूप से हो।

*– मनोज पटेल, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### मिलकर काम करेंगे



राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मेरी सुखद शिष्टाचार मुलाकात हुई। उन्होंने अपने जीवन के कई बहुमूल्य अनुभवों को मेरे साथ साझा किया। हम सब मिलकर देश के लिए काम करेंगे।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### जीवन को खुशहाल बनाएं



झूमर की तरह लटके अमलतास के फूल सेहत की दृष्टि से बड़े गुणकारी हैं। दुनिया की सबसे शक्तिशाली जड़ीबूटी में इसकी गिनती होती है। इसका पीला रंग दिमाग में पॉजिटिविटी भरता है। योग संग प्राकृतिक रंगों से जीवन को खुशहाल बनाएं।

-स्वामी रामदेव, योग गुरु

### नई दृष्टि के साथ



चीज़ों को अलग ढंग से देखने में कभी देर नहीं होती। बिल्कुल अलग कोण या दृष्टिकोण से। हम सभी को कभी-कभी नया चश्मा पहनने की जरूरत पड़ती है। नए सप्ताह की शुरुआत नई दृष्टि के साथ करें।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### उबाऊ नौकरियां




हर कोई कह रहा है कि कैसे एआई विश्व अर्थव्यवस्था को बाधित करेगा है। मैं भी नौकरी खोने की चिंता से सहमत हूं। और हां, बड़ी नौकरी का नुकसान होगा। शायद अब कम वेतन वाली उबाऊ नौकरियां नहीं करना चाहेंगे।

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

## करंट अफेयर

# टाइटन पनडुब्बी हादसे को हुए एक वर्ष पूर्ण



समुद्र की गहराई में छिपे टाइटैनिक जहाज के रहस्यों पर से पर्दा उठाने के लिए पिछले वर्ष जून में पानी में उतरी एक प्रयोगात्मक पनडुब्बी 'टाइटन' घातक विस्फोट का शिकार हो गयी थी। हालांकि उस हादसे के बाद भी समुद्र के रहस्य खोजने वालों के हौसले बुलंद हैं लेकिन कई सवाल भी ज्यों के त्यों हैं। उत्तर अटलांटिक समुद्र में समाये टाइटैनिक पोत का मलबा दिखाने के लिए जाते वक्त दुर्घटना का शिकार हुई टाइटन पनडुब्बी के हादसे को मंगलवार को एक वर्ष पूरा हो गया। टाइटन पनडुब्बी को ढूंढ निकालने के लिए पांच दिनों तक चले खोज अभियान ने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। अधिकारियों ने बताया कि पनडुब्बी नष्ट हो गयी और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे के बाद कई सवाल उठे थे कि क्या टाइटन का अपरंपरागत डिजाइन या फिर पनडुब्बी के निर्माताओं द्वारा उद्योग मानकों की स्वतंत्र जांच कराये जाने से इनकार करना ही तो कहीं दुर्घटना की वजह नहीं थी। अमेरिकी तटरक्षक बल ने हादसे के बाद तुरंत एक उच्च-स्तरीय जांच बुलाई लेकिन अधिकारियों ने बताया कि जांच में 12 महीने की समय सीमा से अधिक वक्त लग रहा है और उनके निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए सुनवाई कम से कम अगले दो महीनों तक नहीं होगी।

## ऑफ बीट

# खानपान में बदलाव से हम पृथ्वी को बचा सकते हैं



अपनी आहार सूची में ऐसे खाद्य पदार्थों का चयन करना एक जटिल समस्या है जो हमारे लिए बेहतर हों, पृथ्वी के लिए अच्छे हों, हमारी पहुंच में हों और सस्ते हों, लेकिन संयोग से यह शोध इस काम में आपकी मदद कर सकता है। ग्रीनहाउस गैस के वार्षिक उत्सर्जन में 30 प्रतिशत हिस्सा वैश्विक खाद्य प्रणाली का है। पर्यावरण की दृष्टि से खाद्य उत्पादन का बड़ा योगदान है, वहीं हम जो खाना खाते हैं वह भी उतना ही असर डालता है। भरपूर पोषण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमें क्या खाना चाहिए? इसे लेकर अलग-अलग विचार हैं जिसके कारण हम खाद्य पदार्थ का चयन करने में भ्रमित हो जाते हैं। जीवन-यापन के संकट भरे इस दौर में जरूरी है कि हमारा खानपान किफायती हो और उससे बिल्कुल अलग न हो जिसे खाने के हम आदी हैं ताकि लंबे समय तक हम इसे अपना सकें। संयोग से, हम इस बात से अवगत हैं कि एक स्वास्थ्यवर्धक खानपान किस तरह का होता है ।विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन ने ऐसे खानपान को टिकाऊ स्वास्थ्यवर्धक आहार के रूप में परिभाषित किया है जो लोगों के स्वास्थ्य के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर अपनाया गया हो, पर्यावरण पर कम प्रभाव डालता हो, सभी की पहुंच में हो, किफायती हो, सुरक्षित तथा सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य हो।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
आसान ड्राइविंग के लिए ऑटोमैटिक कार्स.
CELERIO
ALTO K10
S-PRESSO
SWIFT
***
CREEP FUNCTION (Ease to drive in bumper-to-bumper traffic)
UNBEATABLE MILEAGE OF 26.68 KMPL**
KICK-DOWN FUNCTION (Easy overtaking)
HILL HOLD ASSIST
महा बचत
CELERIO ₹58 100*
ALTO K10 ₹56 100*
S-PRESSO ₹61 100*
CELERIO ALTO K10 S-PRESSO SWIFT
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH- 9827643832.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA: 7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
*Terms & Conditions apply. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and corporate offer (wherever applicable) on select models/variants and selected states. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th June 2024 or till stocks last. Creative visualization. **The mileage and the engine image shown are from the Celerio VXI AGS variant. Fuel efficiency certified by Test Agency Under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. ***The gearbox image shown is from the Swift ZXI + AGS varient . Offers may vary subject to the model and variant purchased. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purposes only.



एटिकेट / शिखर चंद जैन

हम जब कभी भी अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में किसी जरूरी डिस्कशन के लिए बैठें तो इसका विशेष ध्यान रखें, डिस्कशन सही ढंग से हो, ना कि बहस या विवाद होने लगे। इससे बचने के लिए पार्टिसिपेंट्स एक-दूसरे की राय को सम्मान दें, स्वयं भी अपनी राय विनम्रता से रखें।

# विवाद में ना बदलने दें अपना जरूरी डिस्कशन

सारंगी का लटका हुआ मुंह देखकर मीनाक्षी ने पूछ लिया, 'क्या हुआ किसी ने कुछ कह दिया क्या?' सारंगी मानो इसी बात का इंतजार कर रही थी, तुरंत बोली, 'तू ही बता क्या मैं तुझे झगड़ालू लगती हूं? आज हमें लैंडलॉर्ड के साथ डिस्प्यूट को निपटाने के लिए एक बैठक करनी थी। लेकिन पता है, मम्मी ने क्या कहा? उन्होंने कहा, सारंगी को मत लेकर जाना। मोनिका को साथ ले जाओ। सारंगी अपने शॉर्ट टेंपर्ड नेचर के कारण बात बिगाड़ देगी, मोनिका बिगड़ी बात को संभाल लेगी।'

मीनाक्षी समझ गई थी कि सारंगी को जटिल परिस्थितियों या किसी सीरियस डिस्कशन के दौरान सहज तरीके से बातचीत करने की आदत नहीं है। इसीलिए उसकी मम्मी ने ऐसा कहा होगा। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में हमें अकसर बहुत से लोगों के साथ बैठकर बात करनी होती है। ऐसे में कई बार तल्ख माहौल भी बन जाता है। लेकिन समझदारी से काम लेकर किसी भी डिस्कशन को बहस और विवाद बनने से रोका जा सकता है ताकि मीटिंग सद्भावना से संपन्न हो। इसके रिजल्ट पॉजिटिव हों।

**खुद को ना मानें सुपीरियर:** किसी भी मीटिंग को ओवरटेक या डोमिनेट करने की कभी कोशिश ना करें, ना ही स्वयं को औरों से अलग और ऊपर समझें। किसी भी डिस्क्शन में सभी लोग बराबर के भागीदार होते हैं। डिस्क्शन के मूल लक्ष्य को केंद्रित करके हर कोई अपने विचार रख सकता है। अगर आपके मन में मीटिंग के एजेंडा से परे कोई विचार है तो उसे बाद में बोलें। आपके पास कुछ कहने को ना हो तो दूसरों को अपनी बात बेरोक-टोक बोलने दें, उनकी बातें गौर से सुनें।

**बातों को समझ कर रिएक्शन दें:** कई बार मीटिंग में मौजूद लोग आपके विचारों से बिल्कुल विपरीत राय रखते हैं। यह उनकी सोच है, उन्हें अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। अगर आपके पास उनकी बातों और तथ्यों के विपरीत ठोस तथ्य और तर्क हैं तो उन्हें सधे हुए शब्दों में विनम्रता से रख सकती हैं। साथ ही जो आपकी राय से सहमत हैं, उनका उल्लेख करके उन्हें थैंक्स बोलें। लेकिन किसी को डांट कर चुप कराना, शोर मचाना और अपशब्द बोलना मीटिंग के एटिकेट के खिलाफ होता है। इससे आपकी छवि धूमिल हो सकती है।

**मत के विरोध को अपना विरोध ना समझें:** हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी बहस को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है, पार्टिसिपेट करने वाले लोगों का इंटेलेक्चुअली विनम्र होना। इसका मतलब यह है कि किसी मीटिंग में हो रही बातों को कभी पर्सनली नहीं लेना चाहिए। अगर किसी बात से आप असहमत हैं तो भी उसका सम्मान करें। आपको लगे कि आप गलत हैं तो इसे स्वीकारें। अड़ना या बेवजह बहस करना उचित नहीं है।

**तनावपूर्ण माहौल को हल्का बनाएं:** कई बार कोई बहस इतनी जटिल और विरोधाभासी माहौल में होती है कि पार्टिसिपेंट्स में कहा-सुनी हो जाती है। ऐसे में आपको सूझ-बूझ से काम लेते हुए कोई ऐसी बात या किस्सा सुनाना चाहिए कि लोग बरबस ही हंसने पर मजबूर हो जाएं। माहौल को हल्का बनाने के लिए चाय-नाश्ते के बहाने एक ब्रेक भी लिया जा सकता है। इससे बहस-विवाद बंद हो जाएगा। *

### हल सुझाने पर दें जोर

**लगातार काफी** देर बाद भी बैठक किसी नतीजे पर न पहुंच पा रही हो तो सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करें कि हम सबने अपनी-अपनी राय रख दी है। बेहतर होगा कि अब हम सभी अपनी तरफ से स्थिति को सुलझाने के लिए हल सुझाएं और सामंजस्य बनाकर एक रास्ता निकालें, अपने काम में लग जाएं, उसे अच्छा से अच्छा अंजाम दें।

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

इन दिनों हम भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इसका असर तन पर ही नहीं मन पर भी पड़ता है। ऐसे में जहां तमाम तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं, वहीं बहुत सी मानसिक समस्याएं भी जन्म लेती हैं। लोग अकेलेपन का शिकार होकर अवसाद की ओर बढ़ते हैं। इस गरम-शुष्क मौसम में कुछ सामान्य बातें अमल में लाकर आसानी से स्वस्थ-प्रसन्न रह सकते हैं।



# बढ़ती तपिश जूझते मन को संभालिए

इन दिनों देश के कई हिस्सों में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हर आयुवर्ग के लोगों को घेर रही हैं। हम जानते हैं कि अत्यधिक तपिश का मौसम तन ही नहीं, मन से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती तपिश तनाव का अहम कारण बनती है। शरीर डिहाइड्रेशन और मन थकान की शुष्कता से जूझता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि तेज तापमान के साइड-इफेक्ट्स की सूची में मन की मायूसी भी शामिल है। गर्मियों में लोग अवसाद और अकेलेपन के भी शिकार हो जाते हैं, जिसे 'समरटाइम ब्लूज' कहा जाता है। लंबे दिन, बढ़ती गर्मी और उमस के चलते भूख न लगना, अनिद्रा और बेचैनी जैसी समस्याएं भी घेर लेती हैं। बच्चे हों या बड़े, समर फटीग या गर्मियों में होने वाली शारीरिक थकान का शिकार हो सकते हैं।



## मन से जुड़ा मौसम

हमारा पर्यावरण हमारे मन के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा होता है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन को संभावित रूप से सदी का सबसे बड़ा वैश्विक स्वास्थ्य खतरा तक माना जा रहा है। परिवेश में बढ़ती तपिश से आक्रामकता और हिंसक आत्महत्याओं की दर में वृद्धि होने की संभावना होती है। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चरम मौसमी स्थितियां, रोजगार छूटने का भी कारण बनती हैं। बहुत से लोगों के लिए स्थानांतरित होने के हालात बन जाते हैं, जिसके कारण सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक जुड़ाव के भाव पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसी सभी बातें इंसानी मन के स्वास्थ्य पर बहुत नकारात्मक असर डालती हैं। चरम मौसमी स्थितियां, मन में भविष्य से जुड़े भय और चिंताओं को भी बढ़ावा देती हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित मेटा-एनालिसिस के हालिया शोध में सामने आया है कि परिवेश का बाहरी तापमान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में चिंताजनक है। इस विश्लेषण के मुताबिक बाहरी तेज तापमान और हीट वेव, आत्महत्या की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है।

## मदद का भाव रखिए

तपते मौसम में हर इंसान का मन परेशान रहता है। ऐसे में घर, बाहर सड़क या दफ्तर, हर जगह थोड़ा सहज और सामंजस्य भरा बर्ताव रखिए। चाहे ट्रैफिक लाइट पर खड़े हों या दफ्तर में काम के दबाव से जूझने के हालातों में फंसे हों। स्वयं अपने और अपने आस-पास के लोगों के मन को पीड़ा देने वाला कोई काम ना करें। बात-बात में उग्र होने के बजाय, यह समझने की कोशिश कीजिए कि अगला इंसान भी गर्मी, पसीने और उमस की उसी तकलीफ को झेल रहा है। ऐसे में हर बात में जल्दबाजी करने के बजाय, इन दिनों थोड़े ठहराव से काम लीजिए। हमारी परंपरागत जीवनशैली में चरम मौसमी हालातों में इंसानों ही नहीं हर जीव के लिए दयालु भाव रखने की नसीहत शामिल है। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने से लेकर प्याऊ लगवाने तक, कुछ ना कुछ सकारात्मक करने का प्रयास कीजिए। दूसरे प्राणियों का जीवन सहज करने के प्रयास खुद के मन को सुकून देने वाले साबित होते हैं। तपिश के मौसम में किए गए ऐसे मानवीय प्रयास आपके मन को भी टफ वेदर कंडीशंस को सहजता से झेलने की शक्ति देने वाले साबित होंगे। *



### इमोशनल वेलनेस के प्रयास जरूरी

**विचारणीय है** कि बढ़ते पारे के मौसम में इमोशनल वेलनेस के लिए भी कुछ प्रयास आवश्यक हैं। मन को तीव्र गर्मी के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए दिनचर्या में सार्थक बदलाव मददगार साबित होते हैं। मन के मौसम को बेहतर रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर योग-मेडिटेशन और हरियाली वाली खुली जगह पर सैर करना अच्छा होता है। ठंडी हवा में सुबह-सुबह किए गए व्यायाम और सैर, तनाव को दूर कर दिलो-दिमाग को ऊर्जावान बनाने में सबसे ज्यादा मददगार होते हैं। ताजा हवाएं, मन को सहज-शांति की अनुभूति करवाती हैं। सुबह की इस सक्रिय शुरुआत से तपिश के बावजूद दिनभर मन स्फूर्ति से लबरेज रहता है। खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, गर्मी से बचाव के लिए परंपरागत तरीकों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। भारतीय जीवनशैली में तो हर मौसम से जूझने के तौर-तरीके मौजूद हैं। कुछ बातों का ध्यान रखते हुए इस गरम-शुष्क मौसम को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय और मानसिक मोर्चे पर स्फूर्ति और सुकून संग बिताया जा सकता है।




एडवाइस / विनीता

# अच्छा है भूल जाना बुरा व्यवहार

उसने मेरे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया, मैं इसे कभी नहीं भूल सकती। कभी-कभी आपके मन में भी ऐसा ख्याल आता होगा, जब कोई अपना करीबी या कुलीग, दिल पर ठेस पहुंचाने वाला व्यवहार करता है। लेकिन किसी के बुरे व्यवहार को जितनी जल्दी हो भूल जाएं, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। अन्यथा ऐसी छोटी-छोटी बातें आपके भीतर नकारात्मक प्रभाव डालेंगी, जिसके परिणाम आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं रहेंगे। इसलिए इससे बचना चाहिए।

**कमजोर हो जाता है आत्मविश्वास:** किसी के बुरे बर्ताव के बारे में हमेशा सोचते रहने से व्यक्ति के मन में आत्महीनता के भाव जन्म ले सकते हैं। उसे ऐसा लग सकता है कि शायद उसमें ही कोई कमी है, तभी उसने उसके साथ ऐसा व्यवहार किया। इससे आपका आत्मविश्वास कमजोर पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में यह समझने की कोशिश करें कि हर व्यक्ति अपनी समझ के अनुसार व्यवहार करता है। जिससे आपकी नाराजगी है, हो सकता है कि उस व्यक्ति की समझ छोटी हो, इसीलिए उसने आपके साथ ऐसा बुरा व्यवहार किया। ऐसे में दूसरों की नासमझी की वजह से अपना मन उदास करना सही नहीं है।

**स्वभाव में चिड़चिड़ापन:** अगर किसी की कोई बात आपको पसंद नहीं आई हो तो उसे भूलकर आगे बढ़ जाएं। यदि आप उन्हीं बातों के बारे में सोचती रहेंगी, तो इससे आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आने लगेगा। इसकी वजह से आपके अन्य लोगों के साथ भी संबंध खराब हो सकते हैं। इसलिए दूसरों की जो बातें आपको नापसंद हों, उनकी तरफ से अपना ध्यान हटा कर अपनी रुचि से जुड़े कामों में व्यस्त हो जाएं। आपका ध्यान उस व्यक्ति की बातों से अपने आप हट जाएगा।

**कर दें माफ:** अगर आप अकसर ही दूसरों के बुरे व्यवहार को याद करती हैं, इससे आपका मन हमेशा आहत और दुखी महसूस करने लगता है। अपने आहत, दुखी मन को शांत करने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि आप थोड़ी उदारता दिखाएं, अपने साथ बुरा करने वालों को माफ कर दें और जीवन में आगे बढ़ जाएं। इस तरह आप हमेशा तनावमुक्त और प्रसन्न रहेंगी। *

### मन के सुकून में पड़ता है खलल

**आहत करने** वाली बातों को याद रखने से मन हमेशा विचलित,



चिंतित रहता है। इस कारण निरंतर तनाव में रहने से आप अपने जरूरी कामों पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। ऐसी समस्या से बचने के लिए दूसरों के बुरे व्यवहार के बारे में सोचना छोड़ दें, तभी आपके मन को शांति मिलेगी। आप निश्चिंत होकर अपनी जिंदगी जी सकेंगी।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com



फैशन / ललिता गोयल

समर सीजन में कोई भी ड्रेस सेलेक्ट करते समय कंफर्ट का सबसे अधिक ध्यान रखना पड़ता है। कंफर्ट के साथ अगर आप कूल और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट प्रिंट और चार्मिंग कलर वाली ड्रेसेस का सेलेक्शन जरूरी है। यहां आपको कुछ ऐसी ही ड्रेस ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं।

# परफेक्ट प्रिंट-चार्मिंग कलर दिखें कूल-स्टाइलिश

हर मौसम के हिसाब से फैशन को फॉलो करना जरूरी है। फैशन ट्रेंड में बने रहने के लिए टीनएज, यंग एज और मिड एज की महिलाएं इस बात का पूरा ध्यान रखती हैं। हालांकि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि गर्मी के मौसम में कंफर्टेबल रहने के साथ स्टाइलिश दिखना, एक बड़ा चैलेंज होता है। ऐसे में कंफर्ट के साथ ही स्टाइलिश और कूल दिखने के लिए आप कुछ खास प्रिंट और कलर वाली ड्रेसेस सेलेक्ट कर सकती हैं।

### ये प्रिंट्स लगते हैं परफेक्ट


समर सीजन में ज्यादातर लाइट वेट वाले फैब्रिक पसंद किए जाते हैं। इस पर भी फ्लोरल प्रिंट ड्रेसेस सबसे अच्छी लगती हैं। फ्लोरल प्रिंट एक ऐसा ड्रेस पैटर्न है, जो गर्मियों में आपके वॉर्डरोब में जरूर होना चाहिए। गर्मी के मौसम में फ्लोरल प्रिंट कूल लुक देता है। इस सीजन में फ्लोरल प्रिंट का क्रेज भी काफी देखने को मिलता है। गर्मियों के लिए यह एक सुपरस्टाइलिश ऑप्शन है। चाहे आपको शॉपिंग पर जाना हो, अपनी फ्रेंड्स के साथ ब्रंच या डिनर पार्टी में जाना हो या फिर कहीं आउटिंग पर, फ्लोरल प्रिंट ड्रेसेस आप बेझिझक वियर कर सकती हैं। फ्लोरल के अलावा चेक्स, स्ट्राइप्स, ज्योमेट्रिक प्रिंट्स भी समर ड्रेसेस में आजमाए जा सकते हैं।

### कई वैरायटीज हैं अवेलेबल

इस गर्मी में फैशनेबल और कूल दिखने के लिए वार्डरोब में कुछ शॉर्ट तो कुछ लॉन्ग फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेसेस शामिल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आप डेली रूटीन से लेकर वेकेशन तक के लिए ट्राय कर सकती हैं। इसमें आपको स्टाइलिश और कंफर्टेबल लुक मिलेगा। फ्लोरल डिजाइन देखने में काफी ड्रेसेस ब्रीजी लुक देती हैं। अगर आप प्लस साइज हैं तो फ्लोरल में छोटे पैटर्न के डिजाइन को सेलेक्ट करना ज्यादा अच्छा लगेगा। अगर आप स्लिम-ट्रिम हैं तो किसी भी तरह के डिजाइन को चुन सकती हैं। इस तरह के फ्लोरल डिजाइन में आपको प्रिंटेड, कढ़ाई, चिकनकारी डिजाइन में काफी वैरायटीज आसानी से मिल जाएंगी।

### सेलेक्ट करें सही कलर

समर सीजन ड्रेसेस में अगर कलर सेलेक्शन की बात करें तो डार्क कलर ड्रेसेस को पहनने से बचना चाहिए। इसके बजाय





वॉर्डरोब में व्हाइट कलर के आउटफिट जरूर रखने चाहिए। गर्मी के मौसम में व्हाइट कलर, ठंडक का अहसास देता है। व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेसेस जैसे- मैक्सी, लखनवी सूट, अनारकली, शर्ट, पेंसिल स्कर्ट, ट्राउजर आप ट्राई कर सकती हैं। व्हाइट के अलावा ब्ल्यू, लैवेंडर, पिंक और सी ग्रीन कलर की ड्रेसेस भी सुकून देती हैं। खासतौर पर पिछले कुछ सालों से लैवेंडर कलर की ड्रेसेस, फैशन ट्रेंड में छाई हुई हैं। इन कलर की ड्रेसेस से गर्मी में खुद को स्टाइल करना, आपको सबसे अच्छा दिखने में मदद करेगा। इसी तरह पीच और कोरल कलर की ड्रेसेस भी समर सीजन में कूल लुक देती हैं, इन दोनों कलर की ड्रेसेस में आपको कूल लुक मिलेगा।*

(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)

स्पेशल: इंटरनेशनल योगा-डे, 21 जून

# योगा से हम रहते हैं फिट



योगासन सिर्फ फिजिकल ही नहीं मेंटल फिटनेस के लिए भी बहुत कारगर होता है। इसीलिए कई एक्ट्रेसेस भी इनको अपने फिटनेस शेड्यूल में शामिल करती हैं। कुछ टीवी एक्ट्रेस **सहेली** को बता रही हैं, योगा उन्हें हेल्दी और फिट रखने में कितना इफेक्टिव है?

### योगा से एनर्जेटिक-फ्रेश फील करती हूं: विदिशा श्रीवास्तव



**एंड टीवी पर** टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता मिश्रा का रोल निभाने वाली विदिशा श्रीवास्तव अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं लगभग दो साल से योग कर रही हूं। इससे मुझे बहुत पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं। मेरी कंसंट्रेशन को बढ़ाने और मेरे कंप्लीट हेल्थ को मेंटेन रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर सुबह योग करने के बाद मैं पहले से ज्यादा एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करती हूं। वैसे तो मैं अभी भी योग के विभिन्न आसनों को सीख रही हूं, लेकिन सूर्य नमस्कार से मुझे सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस खास योगासन का तन-मन दोनों पर ही एक पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी बहुत मदद करता है। इससे मेरी बैक मसल्स स्ट्रॉन्ग बनी हैं और बॉडी पोस्चर बेहतर हुआ है। मैं मानती हूं कि मेरी अत्यधिक बिजी लाइफ के बीच योग एक रिलैक्सेशन जोन की तरह काम करता है। इसीलिए मैं रोजाना योग जरूर करती हूं, इससे मुझे रूटीन लाइफ में बैलेंस बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। इससे मेरे अंदर पॉजिटिविटी बढ़ी है। इसने मेरे एक्टिंग स्किल को भी बेहतर बनाया है।'*

### मैं सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं: अंजली तत्रारी



**सोनी सब** के शो 'वंशज' में युविका के रोल में दिख रहीं अंजली तत्रारी अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं अपनी फिजिकल फिटनेस से प्यार करती हूं और खुद को हेल्दी-स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए जो भी करना जरूरी है, मैं करती हूं। इसीलिए योगा को मैंने रूटीन लाइफ में शामिल किया है। मैं रोज सुबह उठने के बाद सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं, जिससे पूरे शरीर को स्ट्रेच करने से लेकर फ्लैक्सिबिलिटी लाने तक कई फायदे मिलते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वास्तव में हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। मैं अपनी सभी फीमेल फैंस को पीरियड्स के दौरान यह आसन करने की सलाह भी दूंगी। हालांकि लोगों में एक मिथक है कि पीरियड्स के दौरान आपको काम नहीं करना चाहिए, और जितना हो सके उतना आराम करना चाहिए। इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि आपको उस दौरान भी सूर्य नमस्कार और कुछ योगासन जरूर करने चाहिए। मेरा क्लीयर मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अकसर फील किया है कि जब भी मैं योगासन करने के बाद सेट पर शूटिंग के लिए जाती हूं तो मैं अधिक कंसंट्रेट और प्लीजेंट रहती हूं। साथ ही अन्य दिनों की तुलना में अधिक एक्टिवली अपने काम करती हूं। एक एक्ट्रेस के तौर पर दिन में 12-13 घंटे काम करना काफी हैक्टिक होता है। हमें कई तरह के प्रेशर सहने पड़ते हैं। ऐसे इमोशनल प्रेशर सहते हुए अच्छा परफॉर्म करने में योगासन मेरे लिए बहुत हेल्पफुल साबित होता है।'*

### योगासन से रिलैक्स फील करती हूं: आयुषी भावे



**स्टार भारत** के सस्पेंस थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' में बिंदु का रोल आयुषी भावे निभा रही हैं। योगासन के इंपॉर्टेंस के बारे में वे कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। मैं रेग्युलर योगा प्रैक्टिस करती हूं। मेरा फेवरेट आसन चक्रासन है। उससे मेरे शरीर में ब्लड फ्लो इंप्रूव होता है। ब्लड को हर ऑर्गन और टिश्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है। इससे स्पाइन की स्ट्रेंथ बढ़ती है, तनाव कम होता है और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा प्राणायाम करती हूं, जिससे मुझे रिलैक्स फील होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे मैं किसी भी तनावपूर्ण माहौल में शांत महसूस करती हूं।'*

लघुकथा / रेखा शाह आरबी

# समझ



फौजिया अपने कमरे में अभी अपना बैग रख ही रही थी, उसकी छोटी बहन जाहिदा एक मुस्कान के साथ बोली, 'बाजी, साजिया फूफो आई हुई हैं, अम्मी के कमरे में हैं।' यह खबर सुनते ही फौजिया का दिल धक से रह गया। वह जानती थी कि फूफी क्यों आई हैं। फौजिया का मन भीतर से कसैला-सा हो गया। लेकिन उसने सोचा कि तहजीब इसी में है कि वह फूफो को सलाम करने उनके सामने जाए। फौजिया अपनी अम्मी निकहत के कमरे की ओर बढ़ गई। उसको अपने सपने बिखरते लगे। वह सोच रही थी, अब सब कुछ अम्मी के हाथ में ही है। अम्मी और फूफी की बातचीत कमरे के बाहर तक सुनाई दे रही थी। वह बाहर ही ठहर कर उनकी बातें सुनने लगी। उसी के बारे में बातें हो रही थीं। फूफी जोर देकर कह रही थीं, 'निकहत तुम कब से टाल-मटोल कर रही हो। मैं अब और नहीं रुक सकती हूं। वकार अब जॉब भी पा चुका है। आखिर तुम्हें दिक्कत क्या है? तुम्हारी बेटी कोई बच्ची भी नहीं है। पिछली बार भी आई थी तो तुमने बच्ची होने का हवाला दिया था। इस बार तुम कह रही हो वो पढ़ाई कर रही है। आखिर कितना भी पढ़ ले, उसे संभालना तो घर ही है। आज तुम्हें साफ-साफ जवाब देना होगा, तुम्हें मेरे बेटे से अपनी बेटी का निकाह करना है या नहीं और वह भी दो महीने के अंदर।' 'निकाह से कहां इनकार कर रही हूं, लेकिन जैसा कि मैंने कहा फौजिया अभी पढ़ाई कर रही है। बिना उसकी पढ़ाई पूरी हुए मैं उसका निकाह नहीं कर सकती। उसकी पढ़ाई पूरी होने के बाद ही मैं उसका निकाह करूंगी। मेरी बच्ची दिन-रात मेहनत कर रही है। मैं उसकी मेहनत और सपनों पर पानी नहीं फेर सकती। आप चाहें तो वकार का निकाह कहीं और कर सकती हैं।' अम्मी ने साफ-साफ फूफी को जवाब दे दिया था।

अपनी निरक्षर अम्मी के मुंह से अपनी मेहनत और पढ़ाई के लिए इतना सम्मान देखकर फौजिया को हैरत हुई। उसे अपनी अम्मी की सोच और समझ पर गर्व महसूस हुआ।*

केयर
नीलम अरोड़ा

इन दिनों जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बचने के लिए बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। यहां बताई जा रही बातें, बच्चे को गर्मी से बचाने में कारगर हो सकती हैं।

# इस तपती गर्मी में ऐसे रखें बच्चों का ख्याल



हालांकि इन दिनों अधिकांश राज्यों के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से बच्चे घर से बाहर कम ही निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान लापरवाही बरतने पर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, गर्मी से थकान, लू लगने जैसी समस्याएं बच्चों को हो सकती हैं। उन्हें इससे बचाने के लिए आपको पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**जब रहें घर के भीतर:** अगर आप ऐसी जगह में रहती हैं, जहां अकसर बिजली चली जाती है या घर में एयर कंडीशनर नहीं है तो ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। घर के बाहर की तपिश से बचाने के लिए उन्हें घर के भीतर ही रखना एक विकल्प होता है। इस दौरान घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, ताकि बाहर की गर्म हवाएं घर में ना आ सकें। अगर आप घर में टेबल फैन का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पंखे की सीधी गर्म हवा भी बच्चों में एलर्जी का कारण बन सकती है। इससे उनको आंखों में खुजली और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसलिए पंखे के ठीक सामने बच्चे को ना बैठाएं या लिटाएं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर की नमी भरी हवा राहत देती है। पंखे के सामने रहने के बजाय बच्चे को कूलर वाले रूम में बैठाएं या लिटाएं।

**जब घर से जाना पड़े बाहर:** हालांकि डॉक्टर्स ने सलाह दी है कि इन दिनों बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद अगर मजबूरी या किसी जरूरी काम से बच्चों को घर से बाहर जाना पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। बच्चों को हाईड्रेट रखें और उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पिलाती रहें। नारियल पानी या आम पना भी पिला सकती हैं। अगर आप ब्रेस्टफीड कराने वाले बच्चे के साथ बाहर जा रही हैं तो उसे अपने दूध के अलावा ऊपर का दूध भी पिलाएं। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी भी पिला सकती हैं।



बच्चे को गहरे रंगों की बजाय हल्के रंग के कपड़े पहनाएं। जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन हो। बच्चों में बड़ों की तुलना में पसीना कम आता है, इसलिए उन्हें लूज ड्रेस ही पहनाएं।

**इससे मिलेगी ठंडक:** गर्मी के कारण शरीर को थकान भी ज्यादा लगती है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन आता है। इससे बचाव के लिए बच्चे को ठंडक का अहसास दिलाने के प्रयास करती रहें। बच्चे को अगर बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है तो उसे ठंडे पानी से दिन में दो बार नहला सकती हैं। उसके शरीर पर कूल फील कराने वाले टाल्कम पावडर लगा सकती हैं। कुछ कुछ देर में उसे मैंगो शेक, छाछ या लस्सी पीने को दे सकती हैं। इन उपायों से उसे ठंड का अहसास होगा।

**तब तुरंत दिखाएं डॉक्टर को:** बेहद सतर्कता बरतने के बावजूद अगर बच्चों को लू लग जाती है तो उसके ट्रीटमेंट में देर ना करें। इसे कुछ लक्षणों से आप पहचान सकती हैं। अगर बच्चे को बेहोशी महसूस हो, ज्यादा नींद आए, सिरदर्द हो, ज्यादा प्यास लगे, गर्मी के कारण बुखार हो, कई घंटों तक पेशाब न हो, जी मिचलाए, उल्टी आए, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन जैसी कोई भी समस्या हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। क्योंकि लू लगने पर ट्रीटमेंट में देरी से स्थिति गंभीर हो सकती है।*

# ऐसे करें सेलेक्ट परफेक्ट परफ्यूम



गर्मी के मौसम में पसीने की बैड स्मेल से बचने के लिए आप परफ्यूम जरूर यूज करती होंगी। अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।


सजेशन



शहनाज़ हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है, वहीं वर्कप्लेस या लोगों के बीच इससे दूसरे लोग भी असहज महसूस करते हैं और कई बार हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब यह पसीना बैक्टीरिया से मिलता है, तो दुर्गंध पैदा होती है। पसीने को रोका नहीं जा सकता लेकिन सही डीओडरेंट या परफ्यूम के यूज से गंध को दूर किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोग सुगंध वाले टैल्कम पावडर का भी यूज करते हैं। लेकिन पावडर पसीने को केवल सुखा देता है। इसलिए परफ्यूम ही बेटर ऑप्शन है। इसे सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे आप ही नहीं आपके आस-पास के लोग भी फील गुड करेंगे।

- पैसे बचाने के लालच में कभी अनब्रांडेड या लो क्वालिटी परफ्यूम ना खरीदें। इसे अप्लाई करने से आपको स्किन एलर्जी हो सकती है। अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम सूट करता हो तो उसे ही यूज करते रहें और बार-बार ब्रांड न बदलें।
- कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है।
- परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी पैकिंग में एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से स्किन पर इचिंग, रैशेज या दाने आदि की समस्या हो सकती है।
- परफ्यूम की क्वालिटी चेक करने के लिए उसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाकर रखें।



अगर उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी स्किन के लिए सुटेबल होगा।

- परफ्यूम के सुगंध की जांच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अंदर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगंध पर पड़ता है।
- इस सीजन में हमेशा नेचुरल और लाइट स्मेल वाला परफ्यूम ही यूज करें। समर सीजन के लिए फ्लोरल स्मेल, जैसे- गुलाब, चंदन, लैवेंडर या लेमन की खुशबू वाले परफ्यूम सबसे अच्छे लगते हैं।*



बेडरूम घर का वह स्थान होता है, जो दांपत्य के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए अन्य बातों के अलावा इस कमरे के वास्तु, दिशा, इंटीरियर और कलर सेलेक्शन पर ध्यान देना जरूरी है।

# जब ऐसा होगा बेडरूम मैरीड लाइफ होगी हैप्पी

वास्तु-सलाह/ अनीता जैन, वास्तुविद

वास्तु के अनुसार वैवाहिक जीवन को प्रेम और सुकून से जीने के लिए पति-पत्नी का शयनकक्ष यानी बेडरूम बहुत महत्व रखता है। यदि आप दोनों के बीच अकसर विवाद होता है तो आपसी तालमेल को बढ़ाने के साथ-साथ, अपने बेडरूम के वास्तु पर भी जरूर ध्यान दीजिए। वास्तु के अनुसार, कमरे की दिशा, दीवारों का रंग, फर्नीचर आदि का सही स्थान पर होना आवश्यक है। इनके असंतुलित होने से रिश्ते में तनाव, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां पैदा हो सकती हैं।

**सही दिशा:** वास्तुविज्ञान में सुखी दांपत्य के कुछ नियम बताए गए हैं, जिसके अनुसार संबंधों, जुड़ाव और दक्षता के क्षेत्र, दक्षिण-पश्चिम में बेडरूम होने से पति-पत्नी लगातार अपने-अपने कार्यों में दक्षता हासिल करते हैं और दोनों मिलकर अपने परिवार का भी पूरा ध्यान रखते हैं। प्रेम और आकर्षण की दिशा उत्तर या उत्तर-पश्चिम के क्षेत्र में भी आप अपना शयनकक्ष बना सकते हैं। इस दिशा में कमरा होने से आपके आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, जिससे जीवन में प्रेम बना रहेगा। पश्चिम दिशा, लाभ और प्राप्तियों का होता है, इसलिए इसमें बना बेडरूम दंपति के लिए जीवन के हर क्षेत्र में लाभ और धन की प्राप्ति के लिए श्रेयस्कर होता है। लेकिन पति-पत्नी को उत्तर-पूर्व दिशा के कमरे में या इस दिशा में बेड लगाने से परहेज करना चाहिए। इससे दांपत्य जीवन नीरस होने लगता है और आपस में तालमेल की भी कमी आती है। अग्नि के दिशा क्षेत्र दक्षिण-पूर्व में बेडरूम होने से पति-पत्नी का आपसी व्यवहार बेवजह आक्रामक हो जाता है। इससे दोनों के बीच मनमुटाव रहता है। इस कोण में बेडरूम होने से फालतू का खर्च भी बढ़ता है।



**ऐसे सोने से बचें:** हमारे शरीर का मस्तिष्क वाला हिस्सा उसका उत्तरी पोल माना गया है। अतः संपूर्ण सुखद विश्राम के लिए आपको सिर सदैव दक्षिण ध्रुव की ओर करके सोना चाहिए ताकि चुंबकीय तरंगें सही दिशा में प्रवाहित हो सकें। इसके विपरीत उत्तर दिशा में सिर रखकर सोने से चुंबकीय प्रवाह अवरुद्ध होकर बिगड़ जाएगा, जिससे आपको ठीक से नींद नहीं आ पाएगी। इससे मानसिक बीमारियों की संभावना भी बढ़ जाएगी, अतः वास्तु की मानें तो इस दिशा में सिर करके कभी न सोएं। वास्तु के अनुसार हमेशा दक्षिण या पूर्व दिशा में सिर करके सोएं।*

### इन पर भी करें अमल

बेहतर दांपत्य रिश्ते के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दे सकती हैं।

- बेडरूम की दीवारें कभी भी गहरे लाल, काले या नीले रंग की नहीं होनी चाहिए। इसके बजाय हरा, गुलाबी या आसमानी रंग अच्छा प्रभाव छोड़ते हैं।
- आपसी मतभेदों को कम करने के लिए आप इन रंगों का प्रयोग पर्दे और बेडशीट के रूप में भी कर सकती हैं।
- पति-पत्नी के रिश्ते में मजबूती और प्रेम बनाए रखने के लिए कभी भी बेड को बीम के नीचे नहीं लगाना चाहिए, बीम अलगाव का प्रतीक होता है। अगर ऐसा करना संभव न हो तो बीम के नीचे बांसुरी या विंड चाइम लटका देना चाहिए, इससे वास्तु दोष दूर हो जाता है।
- बेडरूम में फर्नीचर लोहे का और आकार में धनुषाकार, अर्धचंद्राकार या वृत्ताकार नहीं होना चाहिए। इसके बजाय आयताकार, चौकोर लकड़ी के फर्नीचर ही वास्तु में शुभ माने गए हैं।
- यदि मानसिक तनाव अधिक रहता हो या पति-पत्नी के बीच अनबन रहती हो तो सोते समय सिरहाने बांसुरी रखने से लाभ होगा।
- अगर टॉयलेट शयनकक्ष में ही है तो उसका दरवाजा सदैव बंद रखने का प्रयास करें, अन्यथा उसकी नकारात्मक ऊर्जा आपके जीवन में भी कड़वाहट घोल सकती है।



## जैकेट के शेष

### भीषण हादस, 15 की...

कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के आखिरी में दो पार्सल और एक एएलआर कोच लगे हुए थे। इसमें कोई पैसेंजर नहीं था। दोपहर 12:40 बजे एक स्पेशल ट्रेन सियालदह के लिए रवाना हो चुकी है। ट्रेन में अधिकतर यात्री मालदा और बोलपुर के हैं। सिंगल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई है।

कंचनजंगा एक्सप्रेस डेली ट्रेन है। यह बंगाल को पूर्वोत्तर के शहरों सिलचर और अगरतला से जोड़ती है। यह मार्ग चिकन नेक कॉरिडोर में है, जो पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। एक्सीडेंट की वजह से कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कंचनजंगा एक्सप्रेस का इस्तेमाल अक्सर पर्यटक दार्जिलिंग की यात्रा के लिए करते हैं।

**लोको पायलट संगठन ने उठाया सवाल :** लोको पायलट संगठन ने रेलवे के इस बयान पर सवाल उठाया है कि ड्राइवर ने रेड सिग्नल का उल्लंघन किया, इस वजह से हादसा हुआ। इंडियन रेलवे लोको रनिंगमेन ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा, 'हादसे में लोको पायलट की मौत हो चुकी है और अभी सीआरएस जांच लंबित है। जांच पूरी होने से पहले ही लोको पायलट को हादसे के लिए जिम्मेदार घोषित करना बेहद आपत्तिजनक है।

### विधायकों के साथ...

रमन सिंह के निवास पर पहुंचे और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा। वहां विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी मौजूद थे। डॉ. रमन ने श्री अग्रवाल का इस्तीफा लेकर विधानसभा सचिव को दे दिया। श्री अग्रवाल अब 24 जून को दिल्ली में लोकसभा के सत्र के पहले दिन सांसद पद की शपथ लेंगे।

### लोगों के लिए मोहन...

वे जब कहेंगे, इस्तीफा दे दूंगा। पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया से कांग्रेस में आने का ऑफर मिलने के संबंध में श्री अग्रवाल ने कहा, वे अपना ऑफर और सम्मान अपने पास रखें।

### बृजमोहन की कमी...

कांग्रेस को पता नहीं क्या हो गया है। जिस प्रकार की बयानबाजी हो रही रही है, ऐसा लगता है, अपना संतुलन खो बैठे हैं। केंद्रीय मंत्री के लिए बात रखने के सवाल पर कहा, इस पर प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है। प्रधानमंत्री इस पर अपने विवेक से निर्णय लेते हैं। यह हम लोगों के अधिकार क्षेत्र के बाहर है। बृजमोहन को राज्य के राजनीति से दूर करने के सवाल पर कहा, कुछ लोग इस प्रकार की बात करते हैं, मजे लेते हैं। यह बड़ी उपलब्धि रहती है। जब हम लोकसभा के लिए जाते हैं तो बड़े कैनवास, बड़े स्तर पर काम करने के लिए जाते हैं। इससे नए दरवाजे खुलते हैं।

### सुपारी किलिंग मामले में...

कोर्ट से प्रोटक्शन वारंट मिल गया है। गौरतलब है कि पिछले महीने 26 मई को कोल कारोबारी तथा रोड कांट्रेक्टर की हत्या करने की मंशा से रायपुर आए राजस्थान तथा झारखंड के चार शूटरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में शूटरों ने बताया कि उनका संबंध रांची जेल में बंद गैंगस्टर अमन के साथ है, जिसने मलेशिया में बैठे इंटरनेशनल गैंगस्टर मयंक सिंह के कहने पर कारोबारियों की हत्या करने सुपारी ली है। अमन के इशारे पर वो यहां कोल कारोबारी के साथ रोड कांट्रेक्टर की हत्या करने के लिए आए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शूटरों को पिस्टल उपलब्ध कराने वाले बदमाश को पिछले दिनों मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया था और रायपुर लाई है।

**तीन मामलों को लेकर अमन से पूछताछ :** गौरतलब है कि रांची जेल में बंद अमन ने दो वर्ष पूर्व लेवी वसूल करने कोल कारोबारी के शंकर नगर स्थित कार्यालय में अपने शूटरों के माध्यम से फायरिंग की घटना को अंजाम दिलवाया था। इसके पूर्व अमन के गुर्गों ने कोरबा में भी कोल कारोबारी के कार्यालय के पास हवाई फायरिंग की थी। पुलिस उन दोनों घटनाओं के अलावा रायपुर में दबोचे गए शूटरों को लेकर अमन से पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि अमन के गुर्गों ने रोड कांट्रेक्टर से लेवी वसूल करने उसे डराने के उद्देश्य से पिछले वर्ष बोकारो में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। उस मामले की जांच पहले से झारखंड पुलिस कर रही है।

### मयंक चलाता है लेवी...

की मदद लेता है। पुलिस के अनुसार अमन तथा मयंक के संबंध लारेंस विश्नोई से भी है, दोनों लारेंस के लिए भी काम करते हैं।

### कितने की सुपारी अब...

अमन के साथ कितने में डील हुई है, इस बात की जानकारी जुटाना पुलिस के लिए अहम है। इस बात की जानकारी जुटाने के साथ कई और तकनीकी स्तर पर अमन से पूछताछ करना जरूरी है। इसीलिए पुलिस ने अमन को प्रोटक्शन वारंट में रायपुर लाने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी।

'सिपरी' की रिपोर्ट, ड्रैगन के पास 500, भारत के पास 172 और पाक के पास 170 परमाणु हथियार

# दक्षिण पूर्व एशिया में परमाणु हथियारों के मामले में चीन ने भारत-पाक को पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास संघर्ष के बीच अत्यधिक चिंताजनक बने हुए अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा हालात के बीच 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सिपरी) की सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया में परमाणु हथियारों के मामले में चीन, भारत और पाकिस्तान से काफी आगे निकल गया है। मौजूदा वर्ष 2024 में ड्रैगन के पास कुल 500 परमाणु हथियार हैं। जबकि भारत के पास 172 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। पिछले साल की स्थिति पर नजर डालें तो चीन के पास वर्ष 2023 में 410 परमाणु हथियार थे। चीन के परमाणु हथियारों की संख्या में आगे भी यह बढ़ोतरी जारी रहेगी। सिपरी के मास डिस्ट्रक्शन प्रोग्राम और न्यूक्लियर इनफार्मेशन प्रोजेक्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी एच.एम क्रिस्टेंसेन ने कहा कि दुनिया के बाकी देशों की तुलना में चीन अपने परमाणु हथियार ज्यादा तेज गति से बढ़ा रहा है। लेकिन वहीं, दूसरी ओर सभी परमाणु शस्त्रों से लैस देशों भी अपने परमाणु हथियारों की के जखीरे को आगे बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



**एलएसी विवाद के बीच चिंता का सबब :** जानकारों का मानना है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बीते करीब चार वर्षों से अधिक समय से जारी विवाद के बीच चीन के परमाणु हथियारों में हुई यह वृद्धि भारत के लिए भविष्य में चिंता का सबब बन सकता है। लेकिन भारत अपनी मजबूत सैन्य-सामरिक क्षमता से दुश्मन द्वारा दी जाने वाली किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सदैव तैयार है।

### दुनिया में कुल 12 हजार 121 परमाणु हथियार

रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा वर्ष में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल जैसे देशों के पास कुल परमाणु बमों की संख्या 12 हजार 121 पर पहुंच गई है। इनमें से 9 हजार 585 बम इन देशों के परमाणु हथियारों के जखीरे में तैनात किए गए हैं। जिनका जरूरत पड़ने पर तुरंत इस्तेमाल किया जा सकता है। 3 हजार 904 परमाणु बमों को मिसाइलों और लड़ाकू विमानों में तैनात किया गया है। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले 60 गुना ज्यादा है। कुल 12 हजार में से 2 हजार 100 परमाणु हथियार अंतर महाद्वीपीय मिसाइलों में हाई अलर्ट की मुद्रा में तैनात किए गए हैं। इनमें से ज्यादातर का संबंध रूस और अमेरिका से है। सिपरी का कहना है कि दुनिया में परमाणु हथियारों के बढ़ने का यह सिलसिला एक चिंताजनक ट्रेंड की ओर इशारा करता है।

### परमाणु हथियारों के मामले में शीर्ष पर रूस

सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में सबसे ज्यादा 5 हजार 580 परमाणु हथियार रूस के पास हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर 5 हजार 44 परमाणु हथियारों के साथ अमेरिका है। इसके बाद तीसरे स्थान पर 500 परमाणु हथियारों के साथ अब चीन काबिज हो गया है। इसके बाद फ्रांस के पास 290, ब्रिटेन के पास 225, भारत के पास 172, पाकिस्तान के पास 170, उत्तर कोरिया के पास 50 और इजरायल के पास 90 परमाणु हथियार हैं। रिपोर्ट के हिसाब से भारत, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया जैसे देश अब एक मिसाइल में कई परमाणु बम तैनात करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे एक साथ कई लक्ष्यों को नेस्तनाबूद किया जा सकता है। दुनिया में साल दर साल परमाणु हथियारों को नष्ट भी किया जा रहा है। लेकिन इसकी तुलना में कई नए हथियार भी बनाए जा रहे हैं। भारत और पाक लगातार नए प्रकार के परमाणु हथियार विकसित कर रहे हैं।

## पेज एक के शेष

### यात्रीगण ध्यान दें...

जगह दे देते थे कि टिकट का पैसा रेलवे के पास जमा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। वेटिंग में कोई यात्री सफर करता हुआ पाया गया, तो सीधे जुर्माना वसूला जाएगा। जोन ने टीटीई को सख्त निर्देश दिए हैं कि अब ट्रेनों में वेटिंग यात्रियों की एंट्री नहीं होगी।

रेलवे का मानना है कि ट्रेनों में वेटिंग टिकट के यात्री अनावश्यक भीड़ बढ़ा रहे हैं, जिससे अन्य यात्रियों को भी दिक्कत हो रही है। रेलवे के इस फैसले से अब स्लीपर और एसी में भीड़ कम होगी। हरिभूमि ने लगातार ट्रेनों में भीड़ को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। रेलवे ने यात्रियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।

### अगले स्टेशन पर ही ...

बिहार, मुंबई, उत्तरप्रदेश, जम्मू आदि राज्यों को जाने वाली सभी ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट डबल रही है। जो यात्री स्टेशन से टिकट बुक करवाते हैं, उनका टिकट स्वतः रद्द होने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में यह वेटिंग लिस्ट वाले यात्री ट्रेन में सवार हो जाते हैं और कन्फर्म टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों की सीट पर अनाधिकृत तरीके से बैठ जाते हैं।

### ईडब्ल्यूएस वाले बच्चे...

प्राइवेट स्कूलों से दो सप्ताह में जानकारी मांगी है। इसमें प्रत्येक निजी स्कूल को यह जानकारी देनी होगी की आरटीई के तहत आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों पर पिछले सालों में कितने बच्चों को एडमिशन दी गई है और कितनी सीट खाली रह गई।

इसके साथ ही खाली सीटों को ओपन आधार पर भरा गया तो उसके लिए क्या नियम अपनाए गए, इसकी जानकारी भी देनी होगी। शासन को भी इस संबंध में डाटा पेश करने कहा गया है। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस और बीपीएल कार्डधारियों की सीटों मामले में सुनवाई हुई, जिसमें बात सामने आई कि राज्य सरकार ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कोटा कम कर दिया है।

### ईडब्ल्यूएस के कोटे को बीपीएल ...

पिता प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को दाखिला दिला सकते हैं जिनकी सालाना आय तीन लाख तक सीमित होती है जबकि राज्य सरकार ने इसे 40 हजार रुपए कर दिया है। इससे बहुत से पात्र लोग बाहर हो गए हैं।

# आंतरिक राजनीति में घिरे नेतन्याहू, वॉर कैबिनेट भंग

एजेंसी ▶▶| यरुशल

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर लगातार दवाब का सामना कर रहे नेतन्याहू को अब घरेलू स्तर पर भी दवाब झेलना पड़ रहा है। नेतन्याहू ने गाजा में चल रहे युद्ध के लिए बनाई 6 सदस्यीय वॉर कैबिनेट को भंग कर दिया है। इजरायल में इस वक्त गठबंधन सरकार चल रही है। नेतन्याहू उस गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। गठबंधन के एक सदस्य बैनी गेंट्ज ने कुछ दिन पहले ही गठबंधन का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद यह संभावना जताई जा रही थी कि वॉर कैबिनेट को भंग किया जा सकता है। गठबंधन की साथी राष्ट्रवादी और धार्मिक पार्टियों द्वारा लगातार उन्हें वॉर कैबिनेट में शामिल करने की मांग की जा रही थी। इजरायली वित्त मंत्री और नेशनल सिक्योरिटी मंत्री भी इस कैबिनेट का हिस्सा होते हैं।



इजरायल में किसी भी युद्ध के समय वॉर कैबिनेट का गठन किया जाता है, जो उस युद्ध से जुड़े किसी भी फैसले को लेती है।

# अग्निपथ योजना को खत्म कराने के लिए संसद सत्र में विपक्ष मजबूती से लड़ाई लड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सोमवार को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सरकार से अग्निपथ योजना पूरी तरह वापस लेकर सेना में रेगुलर भर्ती शुरू करने की मांग की। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताए कि अग्निपथ योजना जैसा घातक सुझाव किसने कहने पर लागू किया गया। क्योंकि न तो देश की फौज की तरफ से ये मांग आई, न देश के नौजवान ने इसकी मांग की और न ही किसी राजनीतिक दल ने ऐसी मांग की। उन्होंने कहा कि देश की फौज और देश की सुरक्षा कभी राजनीति का विषय नहीं हो सकता। ये देश जय जवान, जय किसान, जय संविधान का है भाजपा सरकार इसे जय धनवान का देश बनाना चाहती है, हम ऐसा नहीं होने देंगे।



### फौज का आंतरिक सर्वे

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पिछले 3-4 दिनों से तमाम खबरें बता रही है कि फौज के आंतरिक सर्वे में सामने आया है कि फौज को कई सारी खामियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अब अग्निपथ योजना के आधे-अधूरे रोल बैक पर भी मंथन हो रहा है। इसमें अग्निवीर का कार्यकाल 4 साल से बढ़ाकर 7 साल करना, 25 प्रतिशत की बजाय 60 से 70 प्रतिशत को फौज में लेना। आंतरिक सर्वे रिपोर्ट से पता चला है कि अग्निवीरों की ट्रेनिंग भी पर्याप्त नहीं है।

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कशिश पिता निलेश ठक्कर निवासी ग्राम रावन ग्रासिम विहार जिला बलौदाबाजार पिन 493196 (छ.ग.)

यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम कशिश ठक्कर पिता निलेश ठक्कर रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम कशिश ठक्कर पिता निलेश ठक्कर से ही जाना पहचाना जाये।

**कशिश ठक्कर**
**ग्रासिम ठक्कर**
**ग्रासिम विहार अल्ट्राटेक सीमेंट स्टाफ कॉलोनी ग्राम रावन जिला बलौदाबाजार**
**पिन - 493196 (छ.ग.)**

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5545



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5544 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5556

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5555 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### चीन ने ऋण दर में नहीं किया बदलाव



**बैंकॉक।** चीन के केंद्रीय बैंक ने सोमवार को प्रमुख ऋण दर में कोई बदलाव नहीं किया। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मई के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्रों में लगातार कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। इसके बावजूद कर्ज को सस्ता नहीं किया गया है।

### आरबीआई ने किया पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पूर्वांचल सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने को कहा गया है।

### डुलैंक्स टॉप आईपीओ से जुटाएगी 41 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** डुलैंक्स टॉप सरफेस ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 40.80 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। सॉलिड सरफेस के कारोबार से जुड़ी कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना आईपीओ लाने की मंजूरी मिल गई है।

### सुजलॉन के तांती बने जीडब्ल्यूईसी के प्रमुख



**नई दिल्ली।** सुजलॉन के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती को ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल इंडिया का प्रमुख चुना गया है। निकाय ने एक बयान में कहा कि उन्हें अप्रैल में जीडब्ल्यूईसी का उप-प्रमुख चुना गया था। बयान के मुताबिक, यह पद राष्ट्रीय और राज्य सरकारों के साथ जीडब्ल्यूईसी इंडिया के काम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# हुंडई की भविष्य में चार इलेक्ट्रिक मॉडल उतारने की योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- कंपनी ने आईपीओ के लिए दस्तावेज सेबी के पास जमा किए

वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आने वाले समय में चार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की योजना बनाई है जिनमें लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा का बिजलीचालित संस्करण भी शामिल होगा।

हुंडई मोटर इंडिया ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की मंजूरी के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दायर दस्तावेजों के मसौदे में यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में ही कंपनी क्रेटा का ईवी संस्करण लेकर आ सकती है।

## क्रेटा का बिजलीचालित संस्करण मार्च तिमाही में

### जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में क्रेटा की ईवी मॉडल

कंपनी ने कहा, 'हमने महंगी प्रीमियम ईवी के साथ बदलाव की रणनीति पर चलना शुरू किया है और आने वाले समय में व्यापक बाजार के लिए मॉडल उतारे जाएंगे। इस रणनीति के तहत भविष्य में हमारा चार ईवी मॉडल लेकर आने का इरादा है जिनमें जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में क्रेटा का ईवी मॉडल भी शामिल है।'



### सबसे बड़ा आईपीओ साबित होगा

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने पिछले सप्ताह आईपीओ की मंजूरी के लिए सेबी के समक्ष शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो यह भारत में एलआईसी से भी बड़ा आईपीओ साबित होगा। एलआईसी वर्ष 2022 में 21,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आई थी।

### हुंडई फिलहाल दो ईवी मॉडल बेच रही

फिलहाल कंपनी भारत में आयोनिक5 और कोना इलेक्ट्रिक के रूप में दो ईवी मॉडल बेच रही है। इनकी कीमत क्रमशः 45 लाख और 24 लाख रुपये है। हुंडई मोटर ने कहा है कि वह भारत में बाजार मांग के अनुरूप ईवी मॉडल को उतारने की रणनीति पर चल रही है ताकि प्रत्येक मूल्य वर्ग में उसके बिजलीचालित मॉडल मौजूद हों।

### कलपुर्जों का उत्पादन स्थानीय स्तर पर

दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, ईवी मॉडल को पेट्रोल एवं डीजल की तुलना में प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिए ईवी के अधिकतम कलपुर्जों का उत्पादन स्थानीय स्तर पर करने की योजना है। इनमें बैटरी और इंजन के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण भी शामिल होंगे। इसके अलावा ईवी की आपूर्ति श्रृंखला को स्थानीय स्तर पर तैयार करने की भी योजना है।

## उछाल को कम करने जीटीआरआई ने शुल्क संशोधन की जरूरत बताया

# यूएई से 2023-24 में सोना और चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़ा

- भारत द्वारा यूएई को दी गई रियायतों से यह मुमकीन हुआ
- भारत 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से मुमकीन हो पाई है।

### रियायत मई 2022 से लागू की गई

जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया।

### पहले केवल अधिकृत एजेंसियां ही आयात संभालती थी

*इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है। पहले केवल अधिकृत एजेंसियां ही ऐसे आयातों को संभाल सकती थीं।*

### शुल्क को घटाकर पांच फीसदी किया जाए

श्रीवास्तव ने कहा, 'भारत में सोने, चांदी और आभूषणों पर 15 प्रतिशत का उच्च आयात शुल्क समस्या की जड़ है। शुल्क को घटाकर पांच प्रतिशत करने पर विचार करें। इससे बड़े पैमाने पर तस्करी और अन्य दुरुपयोग में कमी आएगी।'



### केवल कुछ आयातकों ही लाभ

श्रीवास्तव ने कहा कि सोने, चांदी के कम शुल्क आयात से केवल कुछ आयातकों को ही लाभ होता है, जो 'टैरिफ आर्बिट्रेज' के जरिए होने वाले सभी मुनाफे को अपने पास रख लेते हैं और इसे कभी भी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाते।

### व्यापार का दुरुपयोग होने की संभावना

*श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में सोने, चांदी और हीरे के व्यापार का दुरुपयोग होने की संभावना है, क्योंकि इनकी मात्रा कम है, लेकिन कीमत अधिक है और आयात शुल्क भी अधिक है।*

### यूएई से मौजूदा आयात टिकाऊ नहीं

शेष सभी उत्पादों का आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 49.7 अरब अमरीकी डॉलर से 25 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 37.3 अरब अमरीकी डॉलर हो गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यूएई से सोने और चांदी का मौजूदा आयात टिकाऊ नहीं है, क्योंकि यूएई सोने या चांदी का खनन नहीं करता है या आयात में पर्याप्त मूल्य नहीं जोड़ता है।

### भारत का यूएई से कुल आयात घटा

रिपोर्ट में कहा गया, भारत का यूएई से कुल आयात वित्त वर्ष 2022-23 में 53.2 अरब अमरीकी डॉलर से 9.8 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में 48 अरब अमरीकी डॉलर हो गया, जबकि सोने तथा चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़कर 3.5 अरब अमरीकी डॉलर से 10.7 अरब अमरीकी डॉलर हो गया।

# महिंद्रा लाइफस्पेस ने अपना सालाना बिक्री लक्ष्य बढ़ाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- वर्ष 2027-28 तक 10 हजार करोड़ रुपए पहुंचने की उम्मीद

रियल्टी कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड ने मांग में तेजी के दम पर वित्त वर्ष 2027-28 तक अपनी आवासीय परिसंपत्तियों एवं औद्योगिक क्षेत्र की सालाना बिक्री को 8,000-10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुंबई स्थित रियल एस्टेट कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 2,698 करोड़ रुपये मूल्य की इकाइयों की बिक्री की थी जो वित्त वर्ष 2022-23 में 2,2668 करोड़ रुपये थी। महिंद्रा लाइफस्पेस ने एक निवेशक चर्चा के दौरान अपनी प्रस्तुति में कहा कि उसने वित्त वर्ष 2027-28 तक अपनी इकाइयों की बिक्री का मूल्य 8,000-10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य आवासीय इकाइयों और औद्योगिक पार्क में बिक्री से संबंधित है। महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस जमीनें खरीदने के अलावा भूस्वामियों के साथ साझेदारी में आवासीय परियोजनाओं को विकसित कर रही है। इसके अलावा यह औद्योगिक पार्क के विकास से भी जुड़ी हुई है।

वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ हल्की गिरावट के साथ 97.89 करोड़ रुपये रहा था। इसके एक साल पहले उसका शुद्ध लाभ 101.43 करोड़ रुपये रहा था।

महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित सिन्हा ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हम अपनी सर्वाधिक वार्षिक बिक्री दर्ज करने में सफल रहे। इसके पीछे पूरे साल लगातार कई परियोजनाओं की शुरुआत की अहम भूमिका रही।

### कंपनी ने 5000 एकड़ क्षेत्र को विकसित किया

देश के सात प्रमुख शहरों में सक्रिय महिंद्रा लाइफस्पेस अब तक 3.73 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र की आवासीय परियोजनाओं का विकास कर चुकी है। इसके अलावा कंपनी ने चार स्थानों पर औद्योगिक पार्कों में 5,000 एकड़ क्षेत्र को विकसित किया है।

# एसबीआई को 14 से 15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद : चेयरमैन

- चेयरमैन खारा ने कहा, आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद है।

खारा ने दिए साक्षात्कार में कहा, 'आम तौर पर हम इसे जीडीपी वृद्धि दर और मुद्रास्फीति तथा उसके ऊपर दो से तीन प्रतिशत के योग के आधार पर देखते हैं। इससे हमें करीब 14 प्रतिशत या उसके आसपास का आंकड़ा मिलता है।' चेयरमैन ने कहा, 'अतः 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि, ऋण देने के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करती है। यह हमारी जोखिम क्षमता को पूरा करती है। हमें इस गति से वृद्धि करने में खुशी होगी।' उन्होंने कहा कि जहां तक जमाराशि का सवाल है, पिछले साल इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

*एनपीए पर मार्गदर्शन देना मुश्किल : हालांकि, कोई भी अनुमान लगाना बहुत कठिन है क्योंकि यह वृहद अर्थव्यवस्था पर भी निर्भर है। बैंक अपने बहीखाते को वृहद तनाव से बचाने की कोशिश कर रहा है, फिर भी एनपीए पर किसी भी तरह का मार्गदर्शन देना मुश्किल है।*

## ज्वेल्स बाय प्रीति की 15 खुदरा स्टोर खोलेगा की योजना



**मुंबई।** हीरा विनिर्माता 'ज्वेल्स बाय प्रीति' की इस साल के अंत तक देश के प्रमुख शहरों में 15 खुदरा स्टोर खोलने की योजना है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य अंतिम छोर तक संपर्क प्रदान करके ऑफलाइन बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करना और भारत में 'ट्रेंडी' और कालातीत हीरों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। विस्तार के शुरुआती चरण में ज्वेल्स बाय प्रीति मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद जैसे महानगरीय केंद्रों में सात स्टोर खोलने की योजना बना रही है। ज्वेल्स बाय प्रीति की संस्थापक प्रीति जैन ने कहा, 'यह हमारे लिए व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उच्च व मध्यम वर्ग के ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले हीरे के आभूषण खरीदने के लिए बड़ी पहुंच प्रदान करता है।'

## ली ट्रैवेन्यूज का शेयर आज होगा सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच इक्सिगो का परिचालन करने वाली ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी का शेयर मंगलवार को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होगा। पिछले सप्ताह कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 98.10 गुना अभिदान मिला था। बीएसई के नोटिस के अनुसार, "एक्सचेंज के कारोबारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि मंगलवार, 18 जून 2024 से ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी के इक्विटी शेयर 'बी' समूह की प्रतिभूतियों की सूची में सूचीबद्ध होंगे।


सोमवार को 'बकरीद' के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे। आईपीओ का आकार 740 करोड़ रुपये है और इसमें 120 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम शामिल है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 88 से 93 रुपये प्रति शेयर था।

## ग्रूनर रिन्यूएबल गुजरात में बायोगैस संयंत्र लगाएगी

- संयंत्र की अनुमानित लागत 220 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** ग्रूनर रिन्यूएबल एनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह गुजरात में 220 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक संपीडित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र लगाएगी।

कंपनी ने बयान में कहा कि गुजरात के नवसारी में लगने वाले सीबीजी संयंत्र से किफायती कच्चे माल का उपयोग करके प्रतिदिन 44 टन बायोगैस (टीपीडी) का उत्पादन होने की उम्मीद है। यह सालाना 16,000 टन से अधिक बायोगैस के उत्पादन के बराबर है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सक्रिय कंपनी ने कहा कि इस संयंत्र में कच्चे माल के तौर पर धान, चीनी कारखाने से निकलने वाले अवशिष्ट (प्रेसमड), पेराई के



बाद गन्ने का सूखा हुआ अवशिष्ट (खोई) और शहरी क्षेत्र से निकलने वाले ठोस अवशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) का इस्तेमाल किया जाएगा।

कंपनी ने कहा, "एक प्रमुख कारोबारी समूह के साथ मिलकर हम गुजरात के नवसारी में एशिया का सबसे बड़ा संपीडित बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस संयंत्र की अनुमानित लागत लगभग 220 करोड़ रुपये है।

## व्यास हॉलीडेज को इंडिगो ने किया सम्मानित

**रायपुर।** पिछले लगभग 12 वर्षों से इंडिगो एयरलाइंस द्वारा व्यास हॉलीडेज को सम्मानित किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 के लिए भी इंडिगो एयरलाइंस के ईस्ट इंडिया एवं सेंट्रल इंडिया के सेल्स इंचार्ज संजीत भट्टाचार्य एवं मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के इंचार्ज विक्रांत देशमुख, छत्तीसगढ़ के सेल्स प्रमुख अभिषेक शर्मा एवं मिस समीक्षा के करकमलों द्वारा सोमवार को रायपुर में यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर व्यास हॉलीडेज के प्रबंध संचालक तन्मय व्यास एवं कीर्ति व्यास सहित सभी कर्मचारी उपस्थिति थे। कीर्ति व्यास ने इस अवसर पर इंडिगो एयरलाइंस के संजीत भट्टाचार्य एवं सभी अधिकारियों का आभार प्रगट किया। कीर्ति व्यास ने अपने सभी ग्राहकों को उनके लगातार विश्वास एवं सहयोग देने के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कीर्ति व्यास ने संजीत भट्टाचार्य से रायपुर से जयपुर, राँची, पटना एवं राजकोट के लिए नई उड़ान प्रारंभ करने के लिए दबाव बनाया।




## प्रतियोगिता दर्पण का सिविल सेवा स्पेशल अंक अब बाजार में उपलब्ध

- परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है यहां अंक, सिविल सेवा की सामाग्री भी शामिल

**आगरा।** प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण जून-2024 अंक सिविल सेवा स्पेशल के रूप में बिक्री के लिए जारी कर दिया गया है।

इस अवसर पर समूह के संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक में 'सिविल सेवा तथा पीसीएस (प्रा.)' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी प्रकाशित किया गया है जिसका अध्ययन सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे झारखण्ड सिविल सेवा प्रा., 69वीं बीपीएससी (मुख्य) आदि के साथ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस.प्रा. , बीपीएससी प्रधानाध्यापक परीक्षाओं के लिए विशेष मॉडल हल दिए गए हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही युवा प्रतिभाओं के अन्तर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।




**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय) चौथा तल, सेवा भवन, आरके पुरम, नई दिल्ली-110066
वेबसाईट www.beeindia.gov.in दूरभाष 011-26766700

**ऊर्जा प्रबंधकों और ऊर्जा लेखापरीक्षकों के लिए 24वीं राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा - 28 और 29 सितम्बर, 2024**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो दिनांक 28 और 29 सितंबर, 2024 ( शनिवार और रविवार) को ऊर्जा प्रबंधकों और ऊर्जा लेखा परीक्षकों के लिए 24वीं राष्ट्रीय प्रमाणन परीक्षा आयोजित करेगा।
वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों के अनुसार www.aipnpc.org से प्रॉस्पेक्टस डाउनलोड किया जा सकता है। उपर्युक्त वेबसाइट का लिंक www.beeindia.gov.in पर भी उपलब्ध है। ऑनलाइन पंजीकरण का आरंभ 1 जुलाई, 2024 को 17:00 बजे
ऑनलाइन पंजीकरण बंदः 31 जुलाई, 2024 को रात्रि 23:59 बजे ।
CBC 34106/12/0004/2425 सचिव

## भारत को रक्षा निर्यात करने के लिए एफडीआई की जरूरत

- 'नेक्सजेन एक्जीबिशन' ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने के साथ शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक पांच अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकता है।

एशिया की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एवं रक्षा प्रदर्शनी 'अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' के आयोजक 'नेक्सजेन एक्जीबिशन' ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए हैं। इसका मकसद रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और रक्षा शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना है। एक बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच अरब डॉलर रक्षा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ प्रेरित करना है। भारत के 15 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद व सुरक्षा उपकरण निर्माताओं, निर्यातकों और स्टार्टअप कंपनियों ने हिस्सा लिया।



**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कशिश पिता निलेश ठक्कर निवासी ग्राम रावन ग्रासिम विहार जिला बलौदाबाजार पिन 493196 (छ.ग.)

यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम कशिश ठक्कर पिता निलेश ठक्कर रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम कशिश ठक्कर पिता निलेश ठक्कर से ही जाना पहचाना जाये।

कशिश ठक्कर
ग्रासिम ठक्कर
ग्रासिम विहार अल्ट्राटेक सीमेंट
स्टाफ कॉलोनी ग्राम रावन
जिला बलौदाबाजार
पिन - 493196 (छ.ग.)

**MGM Eye Institute**
(A Project of Miki Memorial Trust)
5th Mile, Vidhan Sabha Road, Raipur, Chhattisgarh- 493 111 India
Ph.: (91) - (771) - 2970670, 71, 72, 9340061321, 323
Email : info@mgmeye.org Website : www.mgmeye.org

**आम सूचना** 15/06/2024

**एम.जी.एम. नेत्र संस्थान**
पाँचवां मील, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.)

**पुराने चिकित्सा रिकॉर्ड विनिष्टीकरण की सूचना**

एम.जी.एम. नेत्र संस्थान में निर्धारित नियमों एवं नीति अनुसार कैलेन्डर वर्ष 2024 में 01/09/2018 से 30/06/2019 की समयावधि में हुए उपचार के पुराने और अनुपयोगी ओ.पी.डी. रिकॉर्ड (मूल कॉपी) को नष्ट किया जाना है। एतद द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि पूर्व नेत्र रोगियों, जिन्होंने उपर्युक्त समयावधि में एम.जी.एम. नेत्र संस्थान में अपनी आँखों का उपचार करवाया हो उन्हे सूचित किया जाता हैं, की इनके उपचार संबंधी सारे उपचार रिकॉर्ड (स्कैन) कर लिये गये हैं एवं जरूरत अनुसार फिर से उपयोग किया जा सकेगा। इस विज्ञापन के प्रकाशन के 15 दिनों के बाद उक्त रिकॉर्ड (मूल कॉपी) नष्ट कर दिये जायेंगे, उसके बाद इन रिकॉर्ड का सिर्फ स्कैन कॉपी उपलब्ध रहेगा।

संचालक
एम.जी.एम. नेत्र संस्थान रायपुर, (छ.ग.)

# एटीट्यूड को लेकर वीडियो वायरल...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था। अब वह साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं, लेकिन फिल्म से पहले एक्ट्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि कियारा एक एटीट्यूड एक्ट्रेस है। आइए जाने क्या है ये पूरा मामला। कियारा आडवाणी अकसर फ्लाइट में ट्रेवल करती रहती हैं। इस दौरान वह कई क्रू मेंबर्स से भी मिलती हैं। वहीं अब एक एयर होस्टेस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कियारा को एटीट्यूड वाली एक्ट्रेस बता रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूट्यूब चैनल के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में एक केबिन क्रू ने खुलासा किया कि उनका और उनके सहयोगियों का एक्ट्रेस कियारा के साथ अच्छा अनुभव नहीं था। वह 'बहुत अधिक एटीट्यूड रखती हैं'।



# इंटरनेट पर छाया कैरविना का गाना 'ब्रोकन 'ट्रीहाउस'



मुंबई। 'गदर' जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक अनिल शर्मा को भला कौन नहीं जानता। इस फिल्म में जीत का रोल अदा करने वाले उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा के फैंस की भी कमी नहीं। लेकिन, आज हम आपको अनिल शर्मा की बिटिया कैरविना से मिलवा रहे हैं। प्रतिभा के मामले में वे भी अपने पिता और भाई से कम नहीं हैं। कैरविना संगीत की दुनिया में जादू रच रही हैं। उनका गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रिलीज हो चुका है और इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। कैरविना शर्मा का गाना 'ब्रोकन ट्रीहाउस' रविवार 16 जून को फादर्स डे के अवसर पर रिलीज हुआ है। इस गाने को कैरविना ने लिखा है। इसे कंपोज भी उन्होंने ही किया है और यह गाना फिल्माया भी कैरविना पर ही गया है। उनके भाई और अभिनेता उत्कर्ष इसमें मददगार बने हैं। गाने की एडिटिंग का जिम्मा उत्कर्ष ने संभाला है।

## उर्वशी और रवि किशन की 'जेएनयू' का ट्रेलर जारी

मुंबई। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रश्मि देसाई, विजय राज, पीयूष मिश्रा, सोनाली




सैगल, अतुल पांडे और कुंज आनंद जैसे सितारे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें उर्वशी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। 'जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' के ट्रेलर में छात्रों को कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए देखा जा सकता है।

# शेयर की ग्लैमरस फोटोज



मुंबई। क्यूट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो मिलान में वेकेशन एंजॉय करती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे मिलान में नाइट पार्टी करती नजर आ रहीं हैं, यहां देखें फोटोज। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फोटोज में अनन्या पांडे बेज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिजलिंग लुक में नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या पांडे ने इन्हें कैप्शन दिया - रात में मिलान और कुछ सिंबल्स भी शेयर किए।

# 'साझा सिंदूर' में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए संगीता का खुलासा

मुंबई। अपने अनोखे किरदारों के लिए टीवी की प्रसिद्ध अभिनेत्री संगीता घोष के फैन्स को ख़ुश कर देने वाली खबर सामने आई है। सन नियो के नए शो 'साझा सिंदूर' के साथ उन्होंने टीवी स्क्रीन पर अपनी वापसी दर्ज की है। राजस्थान के शाही परिवार की भव्य पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो राजस्थानी शोभा और परंपराओं को दर्शाता है। इतना ही नहीं शो में रिश्तों की जटिलता और समाज में महिलाओं के संघर्षों की पड़ताल की जाएगी, जिसमें प्रेम, विश्वासघात और सामाजिक चुनौतियों जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा। संगीता घोष शो में सरोज की भूमिका निभाएंगी, जो शो की खलनायिका हैं। हाल ही



में, प्रतिभाशाली अभिनेत्री से संगीता घोष से हुई ख़ास बातचीत में उन्होंने ऑन-स्क्रीन नेगेटिव किरदारों, अपने दृष्टिकोण और शो के कॉन्सेप्ट को लेकर खुलकर चर्चा की। अपने दृष्टिकोण का खुलासा करते हुए संगीता घोष ने कहा, जब मैं ऑन-स्क्रीन नेगेटिव भूमिका निभाने के बारे में सोचती हूं तो मैं खुद को कहानी की नायिका के रूप में देखती हूं। मैं सोचती हूं कि यह मेरी कहानी है और मैं इसकी नायिका हूं। जब मेरे पास यह शो आया तो मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी। अगर मैं खुद को किसी रोल में देख पाती हूं तो ही मैं उसेअच्छी तरह से चित्रित कर पाऊंगी।

# अल्लू की 'पुष्पा 2' की रिलीज टली...

मुंबई। अल्लू अर्जुन साल 2021 में आई 'पुष्पाः द राइज' की दूसरी किस्त 'पुष्पाः द रूल' को लेकर सुर्खियां में हैं। 'पुष्पा' ने दर्शकों को इस कदर दीवाना बनाया था कि उन्हें 'पुष्पा 2' का बेसब्री से इतंजार हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, पिछले दिनों से चर्चा है कि इसकी रिलीज को टाला गया है। अब सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि करते हुए 'पुष्पा 2'



की नई रिलीज तारीख का भी खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'पुष्पा 2' अब 15 अगस्त, 2024 को रिलीज नहीं होगी। वह बोले, 'पुष्पा 2' में देरी के बारे में चर्चा कुछ समय से चल रही है, क्योंकि निर्माता इसे स्वतंत्रता दिवस 2024 तक पूरा करने की कोशिश में लगे थे। हालांकि, कल उन्होंने आखिरकार रिलीज टालने का फैसला किया है और नई तारीख की आधिकारिक घोषणा एक-दो दिन में होने की उम्मीद है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |

Paramedical Course
Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course

| Pharmacy Course | Duration |
|---|---|
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-6278)

### शिक्षक

आवश्यकता है- संचालक /प्राचार्य मूनलाईट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल शंकर नगर चौपाटी के पास आस्था अपार्टमेंट गोरखा कालोनी न्यू शांति नगर रायपुर मो.नं. 7697124232, 9425516402. (RO-4370)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ आदर्श विद्यालय तेंदुआ (हीरापुर) में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान पढ़ने के लिए शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है मोबाइल नंबर- 7999745391 संपर्क समय सुबह 10:00 से 12:00 तक (RO-6273)

आवश्यकता है- अंग्रेजी माध्यम में प्रायमरी शिक्षक छठवीं से आठवीं हेतु विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी माध्यम में छठवीं से नवमीं शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। सम्पर्क:- दीक्षा पब्लिक स्कूल बलराम चौक कृष्णा नगर सुपेला भिलाई साक्षात्कार -22 जून 11:30से 1:00, मो. - 9907876187, 9893786229. (Ro-512)

Requirment- Jai Public Higher Secondary English Medium School Harinagar katulbod Durg requires teachers for, Physics, Chemistry,Maths , Biology, Accountancy, Business studies,Economics,So. Science, Science English, Hindi, Sanskrit ,Driver , Peon, contact with Resume before 22 june 9301398270. (Ro-511)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- एक अनुभवी (घरेलू) कार ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन 12500/- से 13500/- अवंति विहार, तेलीबांधा रहवासी को प्राथमिकता लाइसेंस के साथ संपर्क करें:- अवंति विहार, एटीएम चौक के पास 98261-22338. (RO-2826)

आवश्यकता है- रायपुर शहर हेतु कुशल, अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनीनगर, रायपुरा निवासी को प्राथमिकता। लाइसेंस, आधार कार्ड सहित संपर्क करें :- 9329100263. (RO-901)

आवश्यकता है- रायपुर खमारडीह में घर की कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर खाना बनाने के लिए कुक घरेलू कार्य के लिए महिला की आवश्यकता है आवास उपलब्ध संपर्क -9579931943.(RO-34511)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें नंद होजयरी डिपो जयहिन्द होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मों.-9300188811.(RO-4427)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645. (RO-2827)

### वेल्डर/हेल्पर

आवश्यकता है- मेकगमेट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में काम करने हेतु लेथमेन, वेल्डर मोटर बैंडिंग वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। अनुभवी ही बायोडाटा के साथ, संपर्क करें- 7050979227.(RO-08)

आवश्यकता है- लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, और हेल्पर की। पता बाराडेरा, सीआरपीएफ कैंप के पास, मंदिर हसौद, रायपुर मो. 7024347173 (RO-M)

क्लासीफाईड

### प्रचार कार्य

आवश्यकता है
अजय माला प्रकाशन
में पुस्तक प्रचार हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
योग्यता-12वीं तथा स्नातक अनुभवी को प्राथमिकता
स्वयं का स्मार्ट फोन एवं टू-व्हीलर का होना आवश्यक है।
वेतन प्रतिमाह सहित रहना-खाना एवं पेट्रोल खर्च अलग से दिया जायेगा
दिनांक : 17 एवं 18 जून 2024
समय : 10 से 6 बजे तक
सम्पर्क करें :
रायपुर- अजय प्रकाशन, सुर्या अपार्टमेन्ट के पीछे, पंजाब नेशनल बैंक के बाजू में, सिविल लाइन, रायपुर 8085130037, 8817640977
दुर्ग- होटल पारख पैलेस, ग्रीन चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, दुर्ग 7978852526, 9165915079
धमतरी- होटल इम्पेरीयल, गुरुनानक कॉम्पलेक्स, सिहावा चौक, धमतरी 7694064078, 7804934421
राजनांदगांव- होटल इन्द्रलोक, रेल्वे स्टेशन रोड, राजनांदगांव 9753406175, 8305913846
बिलासपुर- पंचशील लॉज, गांधी चौक, बिलासपुर 7974590595, 9302525755
रायगढ़- शिवम होटल, रामनिवास टॉकिज रोड, मातेश्वरी मार्बल के सामने, रायगढ़ 9753673173, 9098465479
अंबिकापुर- पूनम होटल, वन इंडिया मार्ट के सामने, पुराना बस स्टैण्ड के पास, अंबिकापुर 8602912503, 9644868192
Dev Ad.

### असिस्टेंट अकाउंटेंट

आवश्यकता है- एक असिस्टेंट अकाउंटेंट की जो की Tally ERP एंव MS office की जानकारी रखता हो। संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर फोन -0771-4075490, 7469980000.(RO-6279)

### क्लिनिक कार्य

आवश्यकता है- गोदड़ीवाला आश्रम देवपुरी में धर्मार्थ क्लिनिक हेतु पार्ट टाइम एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ की आवश्यकता है । आकर्षक वेतन । संपर्क करें । 7880134141. (RO-6284)

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में छोटे सब्जी बगीचे /अन्य साधारण काम/घरेलू काम के लिए छोटे परिवार की । निशुल्क रहने खाने पकाने की संपूर्ण सुविधा उपलब्ध । सम्पर्क करें 7974100341.(RO-2816)

आवश्यकता है- वी.आई.पी. चौक लाभांडी रायपुर में घर का झाड़ू, पोछा कपड़ा, वर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/ महिलाएं चाहिए। गुटका तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले ही संपर्क करें-: 9300593000 (RO-1222)

### केयर टेकर

आवश्यकता है- बेबी केयर/ बुजुर्ग केयर हेतु लडकी /महिला एवं पुरुष केयर टेकर की आवश्यकता है, अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 12 हजार से 15 हजार संपर्क करें:- फैमिली केयर, रायपुर, 7389066521. (RO-2833)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

### ऑपरेटर/सेल्समैन

आवश्यकता है- अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समेन, सेल्सगर्ल, गार्ड, पैकिंग बॉय, हमाल, घर कार्य हेतु पारिवारिक व्यक्ति, टाटा एस कार ड्राइवर। संपर्क- गोकुल सुपर बाजार, LIC के सामने, पंडरी, रायपुर- 7489770673, 9826183500.(RO-725)

### लैब/असिस्टेंट कार्य

Requirment- Lab Incharge -MSC ( chemistry) 2 years experience, fluent in English Account assistant 2 years experience in Tally, Ms office & GST Sales Marketing 2 years field experience. Executive assistant 1-2 years experience, fluent in English,Tally & Ms office. Preferably female Candidate. Contact -9833516495 info@brijdham-group.com (RO-3993)

क्लासीफाईड

### सेल्स इंजीनियर

OSWAL HYDRAULICS & PNEUMATICS
14, Naveen Bazar, G.E. Road, Raipur
REQUIRED
SALES ENGINEER
(Diploma, B.E./B.Tech-Mechanical)
For, Hydraulic Products of Leading Multinational Companies.
All candidates below 30yrs. age.
Interested candidate send their resume to: ✆9826476900
manish@oswalhydraulics.com

### वर्कर

आवश्यकता है- तालपत्री शॉप में कार्य करनें हेतु मेंहनती वर्कर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन संपर्क करें- श्री कृष्णा तालपत्री एण्ड हार्डवेयर, रिंग रोड नम्बर-2, भनपुरी रायपुर (RO-1615)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिनको सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो, वैद्य लाइसेंस के साथ संपर्क करें- देव ट्रेवल कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग रायपुर मोबाइल : 8959910211 (RO-1616)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की वेतन 10,000 + कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास /फेल। संपर्क:- 6265100904. (RO-2822)

### सेल्समैन

आवश्यकता है- रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु रायपुर निवासी सेल्समेन की आवश्यकता है, सम्पर्क: निर्मल सेल्स, नवीन बीज भंडार के सामने, अमरदीप टाकीज रोड, बांसटाल, रायपुर, मो. 9300659227. (RO-7490)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- दुकान में काम करने लड़को व दुर्ग व रायपुर जिले में किर्लोस्कर पम्प विक्रय हेतु सेल्समेन कि आवश्यकता है । सम्पर्क- SAATVIK SALES, मो. नं.- 7566578910 (RO-7491)

### महिला वार्डन

आवश्यकता है- गर्ल्स हॉस्टल मे कार्य करने हेतु 2 से 3 वर्ष अनुभवी महिला वार्डन की आवश्यकता है संपर्क करे:- आशीर्वाद गर्ल्स हॉस्टल समय- सुबह 11 से 5 बजे तक 9171369000, 9827999244.(RO-2829)

### हेल्पर

आवश्यकता है-हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रहकर काम करने वालों को रूम बिजली सुविधा दी जाएगी, पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर सम्पर्क करें- 7471176423.(RO-34499)

### अन्य

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406, 8961256017. (RO-uni)

## Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर-7477221345, 9977676447, बिलासपुर-8359913999, 9589288936, रायगढ़-7869755871.(Ro-2741)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट उपलब्ध है- उतई से पूरई मुख्यमार्ग 6 लेन भारतमाला रोड से 500 मीटर एवं मेनरोड से 100 फीट दूरी पर आवासीय प्लाट 221/- वर्गफीट में उपलब्ध है। संपर्क:- मो.- 9111330001 (Ro -508)

बेचना है- (40x50) साइज 2000, स्क्वेयर फीट, का आवासीय डाइवर्टेड कॉर्नर प्लॉट, शिवम एजुकेशन के पास, सत्यम विहार कॉलोनी, रायपुरा, अर्जेंट बेचना है। 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523.(RO-2830)

### खरीदना/बेचना

खरीदने / बेचने हेतु - दुर्ग जिले में घर , प्लॉट , कृषि भूमि सबसे बढ़िया दाम में खरीदने बेचने का सबसे भरोसेमंद कार्यालय, आवरी प्रोपर्टीज मो :– 73893-12902, 73899-02902, कृपया विवादित जमीन वाले सौदा न लाए। (Ro - 509)

## Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119. (RO-13135)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# सुपर-8 की सभी टीमें तय, 4 स्टेडियम में खेले जाएंगे 12 मैच, 3 मैदानों पर खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार सुबह सुपर-8 राउंड की सभी 8 टीमें तय हो गई। बांग्लादेश ने ग्रुप-डी के मुकाबले में नेपाल को हराकर इस राउंड में जगह बना ली। सुपर-8 में 12 मुकाबले 4 स्टेडियम में खेले जाएंगे। टीम इंडिया अपने 3 मैच 3 अलग-अलग मैदानों पर खेलेगी। इनमें से 2 मैदान बैटिंग फ्रेंडली है और एक में गेंदबाजी हावी रही है। सोमवार का पहला मुकाबला बांग्लादेश और नेपाल के बीच हुआ। इस मुकाबले जीत हासिल करने के बाद बांग्लादेश सुपर-8 में पहुंच गया। वहीं नीदरलैंड को अपने आखिरी मैच में हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की टीम सुपर-8 में भारत के साथ ग्रुप-1 में रहेगी।



### ग्रुप-ए से भारत-अमेरिका

ग्रुप-ए के सभी मैच खत्म हो गए। टीम इंडिया ने 7 पॉइंट्स के साथ पहला और अमेरिका ने 5 पॉइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, पाकिस्तान, कनाडा और आयरलैंड अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारत सुपर-8 के ग्रुप-1 और अमेरिका ग्रुप-2 में है।

### ग्रुप-बी : ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड क्वालीफाई

ग्रुप-बी के भी सभी मैच खत्म हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने 8 और इंग्लैंड ने 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 राउंड में जगह बनाई। स्कॉटलैंड के भी 5 ही पॉइंट्स थे, लेकिन इंग्लैंड से खराब रन रेट के कारण टीम तीसरे नंबर पर रही और अगले राउंड में नहीं पहुंच सकी। इस ग्रुप से नामीबिया और ओमान भी ग्रुप स्टेज पार नहीं कर सके।

### कल से सुपर-8 के मुकाबले

सुपर-8 स्टेज 19 जून से शुरू होगा, यहां 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश ग्रुप-1 में हैं। ग्रुप-2 में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और अमेरिका हैं। इस राउंड से सभी मैच वेस्टइंडीज के 4 ग्राउंड पर होंगे। एंटीगुआ में 4 और सेंट विंसेंट में 2 मैच होंगे। वहीं सेंट लूसिया और बारबाडोस में 3-3 मैच खेले जाएंगे।



**भारत के मैच**

| दिनांक | खिलाफ | समय |
|---|---|---|
| 20 जून | अफगानिस्तान | रात 8 बजे |
| 22 जून | बांग्लादेश | रात 8 बजे |
| 24 जून | ऑस्ट्रेलिया | रात 8 बजे |

### सेंट लूसिया में ग्रुप-2 के 2 मैच

सेंट लूसिया में सुपर-8 स्टेज के 3 मैच होंगे, ग्रुप-2 के दो और ग्रुप-1 का एक। यहां स्कॉटलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच ग्रुप स्टेज का एक ही मैच खेला गया। नीदरलैंड-श्रीलंका मैच भी यहीं हो रहा है, साथ ही 18 जून को वेस्टइंडीज-अफगानिस्तान मैच भी यहां खेला जाएगा। पहले मैच के आधार पर कहें तो वेन्यू हाई स्कोरिंग है, लेकिन तेज गेंदबाजों को भी मदद मिली है।

### बारबाडोस में भी ग्रुप-2 के 2 मैच

बारबाडोस में टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा, यहां सुपर-8 के भी 3 मैच होंगे, दो ग्रुप-2 के और एक ग्रुप-1 का। यहां ग्रुप स्टेज के भी 5 मैच खेले गए, 2 में पहले बैटिंग और एक में पहले बॉलिंग करने वाली टीम को जीत मिली। एक मैच टाई और एक बेनतीजा भी रहा। 201 रन हाईएस्ट स्कोर रहा, लेकिन औसत स्कोर 148 ही है। साथ ही गेंदबाजों ने महज 6.90 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, यानी यहां लो-स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिल सकते हैं।


### सेंट विंसेंट में ग्रुप-1 के 2 मैच

सेंट विंसेंट स्टेडियम में सुपर-8 के 2 ही मैच होंगे, दोनों में ग्रुप-1 की टीम अफगानिस्तान शामिल रहेगी। यहां नेपाल-बांग्लादेश मैच खेला जा रहा है, यहां ग्रुप स्टेज के 2 और मैच भी खेले जा चुके हैं। दोनों ही बार पहले बैटिंग करने वाली टीमों को सफलता मिली। साउथ अफ्रीका ने तो नेपाल के खिलाफ महज 115 रन का स्कोर डिफेंड किया था। पेस के मुकाबले स्पिनर्स को यहां ज्यादा विकेट मिलते हैं। औसत स्कोर भी महज 131 रन रहा।

### एंटीगुआ में दोनों ग्रुप के 2-2 मैच

एंटीगुआ के विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में सुपर-8 स्टेज के 4 मैच होंगे। यहां ग्रुप स्टेज के भी 4 मैच खेले गए, 1 में पहले बैटिंग और 3 में चेज करने वाली टीमों को जीत मिली। पहले बैटिंग करने वाली 2 टीमें 80 से कम के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई। वहीं एक मैच में बारिश के कारण ओवर कम करने पड़े। यहां का हाईएस्ट स्कोर 153 और ओसत स्कोर महज 91 रन है, लेकिन सुपर-8 में मजबूत टीमों के कारण हाई स्कोरिंग मुकाबले हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है। गंभीर ने 'एक्स' पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा।'

### बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर चिंतित हूं : शंटो

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो को खुशी है कि उनकी टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रही। वह अपने बल्लेबाजों की खराब फॉर्म से निराश हैं और वह यह भी नहीं जानते कि उनके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पा रहे हैं। शंटो ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि हम सुपर आठ में खेलने जा रहे हैं लेकिन हमारे बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। हमारे गेंदबाजों ने हालांकि पिछले तीन-चार मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'



### रोहित के कोच ने दिया मेरे कॅरियर को आकार

**नई दिल्ली।** अमेरिका में चल रहे टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इकतीस वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई।



### पाक टीम में कोई एकता नहीं : कोच कर्स्टन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना करते हुए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि टीम में 'कोई एकता नहीं' है और उन्होंने अपने लंबे कोचिंग करियर में 'ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी'। कर्स्टन की आलोचना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप से पाकिस्तान टीम के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद आई है। पिछले सत्र के उपविजेता के रूप में टूर्नामेंट में पहुंची पाकिस्तान टीम ने हाल के वर्षों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया।

**टी20 विश्व कप : 107 रन के टारगेट को चेस नहीं कर पाई नेपाली टीम**

# बांग्लादेश की सुपर-8 में एंट्री, तंजीम का चौका, नेपाल को 21 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| किंग्सटाउन

बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया। इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने। उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। यह पहला अवसर है जबकि बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में तीन मैच जीते।



### दीपेंद्र ने बनाए 25 रन

तंजीम ने शानदार गेंदबाजी करके नेपाल का शीर्ष क्रम झकझोर दिया। नेपाल का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 26 रन था लेकिन कुशल मल्ला (27) और विश्व रिकॉर्ड धारक दीपेंद्र सिंह ऐरी (25) ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी। मुस्तफिजुर ने कुशल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद उन्होंने दीपेंद्र को भी आउट किया जिनके नाम पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 9 गेंद पर अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

## श्रीलंका ने नीदरलैंड को हराया दर्ज की सांत्वनाभरी जीत



**ग्रॉस आइलेट।** श्रीलंका ने आखिर में अपना जलवा दिखाया तथा ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में नीदरलैंड को 83 रन से हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का अंत किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद कुसाल मेंडिस (46) और चरिथ असलांका (46) की उपयोगी पारियों की मदद से 6 विकेट पर 201 रन बनाए। नीदरलैंड की टीम इसके जवाब में 16.4 ओवर में 118 रन बनाकर आउट हो गई। श्रीलंका की तरफ से नुवान तुषारा ने 24 रन देकर तीन विकेट जबकि मथीशा पथिराना (12 रन देकर दो) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (25 रन देकर दो) ने दो-दो विकेट लिए।

### आज वेस्टइंडीज और अफगान में होगी जंग

**ग्रोस आइलेट।** शानदार प्रदर्शन कर रही अफगानिस्तान और मेजबान वेस्टइंडीज की टीमें मंगलवार को यहां जब आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे तो उनकी कोशिश इसे जीतकर सुपर आठ चरण से पहले आत्मविश्वास को मजबूत करने की होगी। ग्रुप सी में दोनों टीमें तीन मैचों में तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी हैं और ऐसे में दोनों के लिए यह मुकाबला आत्मविश्वास हासिल करने के नजरिए से अहम है। पापुआ न्यू गिनी पर मुश्किल जीत के साथ शुरुआत करने के बाद वेस्टइंडीज ने युगांडा और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज की तो वहीं दूसरी ओर, अफगानिस्तान के अब तक के अभियान में कोई कमजोर कड़ी नहीं दिखी है।

**एटीपी रैंकिंग**

# कॅरियर के सर्वोच्च 71वें स्थान पर पहुंचे नागल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके कॅरियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। पेरिस ओलंपिक में भी मैच रोलां गैरा में होंगे जहां फ्रेंच ओपन खेला जाता है। नागल ने इस महीने की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था।

### अब सुधार करने का समय : हसरंगा

**ग्रोस आइलेट।** श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा का मानना है कि टीम ने बड़े टूर्नामेंटों में बार-बार की गई गलतियों पर व्यापक रूप से चर्चा की है। टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद अब इसे सुधारने पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। हसरंगा ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ अपने मैच गंवाने के बाद नीदरलैंड के खिलाफ अपनी टीम को मिली 83 रन की जीत को 'देर से मिली सफलता' करार दिया।

**यूरो कप 2024**

## वेगहोर्स्ट के गोल से नीदरलैंड ने पोलैंड को 2-1 से दी मात



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

नीदरलैंड के फॉरवर्ड वाउट वेगहोर्स्ट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरकर प्रभावित करते रहे हैं और रविवार रात को यूरोपीय चैंपियनशिप के मुकाबले में भी उन्होंने ऐसा करते हुए अंत में गोल कर अपनी टीम को पोलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई।

इस स्ट्राइकर ने 83वें मिनट में मेम्फिस डिपे की जगह मैदान पर आने के बाद पहले ही प्रयास में बाएं पैर से नीचा शॉट लगाकर गोल दाग दिया। डिपे ने कई मौके गंवा दिए थे। चोटिल स्टार रॉबर्ट लेवानडोस्की के बिना खेल रही पोलैंड ने उनकी जगह पर उतरे छह फुट तीन इंच की लंबी कद काठी के एडम बुक्सा के 16वें मिनट में हेडर से किए गोल की मदद से 1-0 से बढ़त बना ली थी जो ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। नीदरलैंड के लिए कोडी गाकपो ने 29वें मिनट में पोलैंड के गोलकीपर वोजसिएच स्जेस्नी को चकमा देते हुए 'डिफ्लेक्टिड' शॉट से बराबरी गोल दागा। नीदरलैंड की इस जीत से ग्रुप डी की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीम पर कुछ दबाव बढ़ जाएगा।


### डेनमार्क और स्लोवेनिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला




डेनमार्क ने स्लोवेनिया के साथ मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ खेला। ग्रुप-सी के इस मैच में डेनमार्क के क्रिश्चियन एरिक्सन ने 17वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। हालांकि, दूसरे हाफ में 77वें मिनट में एरिक जानजा ने गोल दाग स्लोवेनिया की वापसी कराई। इसके बाद दोनों टीमें फुल टाइम तक कोई गोल नहीं कर सकी। गत विजेता इटली मैदान पर उतरते ही कुछ समझ पाता कि 23वें सेकंड में उसके खिलाफ गोल हो गया। हालांकि इटली जल्द ही संभल गया और 16वें मिनट तक उसने दो गोल दागते हुए 2-1 की बढ़त बना ली और इसी अंतर से बाद में उसने अल्बानिया पर जीत हासिल कर ली।

## पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज


**तुर्कू।** मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था।



# इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया जूड ने 13वें मिनट में दागा गोल

एजेंसी ▶▶| गेल्सेंकिर्चेन

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। रियल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।



इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए। सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया।

बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा, 'यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है।' इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया। केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

**टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह नही बना पाने पर हो रही ओलाचना**


# कप्तानी छोड़ने के बारे में नहीं सोचा, पीसीबी करेगा फैसला

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लाउडरहिल

टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने के बाद आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उन्होंने कप्तानी छोड़ने के बारे नहीं सोचा है और इस बारे में कोई फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद किया जाएगा। पिछले टी20 विश्व कप (2022) के उपविजेता पाकिस्तान को ग्रुप ए में अपने शुरुआती दो मैचों में अमेरिका और भारत से शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे टीम सुपर आठ चरण में जगह बनाने में विफल रही।

एकदिवसीय विश्व कप (2023) के बाद टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण में बाहर होने के कारण भारी आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान से जब आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पूछा गया कि क्या उनकी इस्तीफा देने की कोई योजना है, तो उन्होंने पलटवार किया। आयरलैंड को तीन विकेट से हराने के बाद बाबर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जब मैं वापस जाऊंगा (पाकिस्तान) तो हम उन सभी चीजों पर चर्चा करेंगे जो यहां हुई हैं। अगर मुझे कप्तानी छोड़नी होगी, यह फैसला, मैं आपको खुलकर बताऊंगा।

मैं पर्दे के पीछे कुछ भी घोषणा नहीं करूंगा। जो कुछ भी होगा वह सब के सामने होगा।' बाबर ने कहा कि पीसीबी ने उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी थी और इसके जारी रखने पर कोई भी फैसला उन्हीं का होगा। उन्होंने कहा, 'मैंने इसके बारे में नहीं सोचा है। निर्णय पीसीबी का है।'



### कप्तानी के सवाल पर झल्लाए बाबर

इस दौरान बार-बार कप्तानी को लेकर सवाल पूछे जाने से बाबर झल्ला गए और उन्होंने निराशाजनक अंदाज में कहा कि टीम की हार के लिए सिर्फ उन्हें बलि का बकरा नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'हर कोई निराश है। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। मैंने आपको पहले भी कहा कि हम किसी एक खिलाड़ी की वजह से नहीं हारे हैं। हम एक टीम के तौर पर हारे हैं। मैं कप्तान हूं इसलिए आप बार-बार मेरे ऊपर उंगली उठा रहे हैं, मै सभी खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता। टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी की अपनी भूमिका होती है।'

# लो बन गया महिलाओं का ब्रह्मास्त्र!

## बेड टच किया तो मारेगा करंट, ये जैकेट है जबरदस्त

यदि आप किसी महिला को बेड टच या अटैक करते हैं, तब आपको करेंट का झटका लगने वाला हैं। दरअसल, जबलपुर में दो महिला युवा इंजीनियरों में मिलकर एक जैकेट तैयार की है। देखने में यह जैकेट नॉर्मल जरूर लगती है। लेकिन यदि किसी ने भी उस महिला के साथ छेड़खानी की तब यह जैकेट ऐसा तगड़ा झटका देगा। उसे जीवन भर याद रहेगा। यह जैकेट महज 27 00 रुपए में तैयार की गई हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा इंजीनियर अदिति और रिया ने लोकल 18 से कहा कि दोनों का स्टार्टअप हैं। इसे जबलपुर इनक्यूबेशन सेंटर में रजिस्टर्ड किया गया है। दोनों ने मिलकर एक जैकेट तैयार की है। जो महिलाओं की सुरक्षा करेगी। जैकेट को तैयार करने में महज 27 सौ रुपए की लागत आई हुई हैं। यह प्रोजेक्ट शुरुआती दौर में है। जैकेट के मार्केट में आने तक कीमत और भी घट जाएगी। जैकेट को बनाने में टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया है। यह जैकेट खासकर उन महिलाओं के लिए बनाई गई है। जो अकेले या देर रात काम से लौटकर सफर किया करती है।



### आखिर कैसे वर्क करती है यह जैकेट

दरअसल, जैकेट को युवा इंजीनियर ने वूमेन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी जैकेट नाम दिया है। जो न केवल महिलाओं को प्रोटेक्ट करेगी। बल्कि तत्काल इमरजेंसी नंबर्स पर मैसेज भी भेज देगी। जैकेट को एक सर्किट से जोड़ा गया है। इसके साथ ही जैकेट के पॉकेट में पावर बैंक की तरह मशीन भी लगाई है। जिसमें पैनिक स्विच लगा हुआ है। मतलब जैकेट का कंट्रोल हाथों में होगा। यदि पैनिक स्विच को चालू कर दिया जाए। तब जैकेट वर्क करना शुरू कर देती हैं। जैकेट में करेंट दौड़ता रहता हैं। इसी दौरान कोई भी यदि जैकेट को टच करेगा, तब उसे तगड़ा 3 एम्पियर का झटका लगेगा।

### टच करते ही इमरजेंसी नंबर में मिलेगा अलर्ट

इंजीनियर ने बताया जैकेट को इंटरनेट के माध्यम से भी जोड़ा गया है। इसके साथ ही टेक्नोलॉजी का भी उपयोग ऐप के माध्यम से किया गया है। यदि कोई भी जैकेट को टच करता है। इसकी सूचना इमरजेंसी नंबर पर भी पहुंच जाएगी। जिससे हमारी लोकेशन भी उस व्यक्ति तक पहुंच जाएगी। जिसे हम अलर्ट मैसेज देना चाह रहे हैं। इस टेक्नोलॉजी से पांच लोगों को जोड़ा जा सकता है। जिसमें पेरेंट्स या फ्रेंड सर्कल शामिल कर सकते हैं। जिन्हें हम अपनी लोकेशन के साथ अलर्ट मैसेज भेज सकेंगे।

### महिला को हमेशा असुरक्षित पाया

युवा इंजीनियर अदिति और रिया का कहना है कि जब भी जम्मू से जबलपुर ट्रैवल करती थी। उस समय असहज महसूस किया करती थी। इसी दौरान दिमाग में जैकेट बनाने का विचार आया। दोनों ने मिलकर यह जैकेट तैयार कर दी। हालांकि, यह जैकेट में दिन-प्रतिदिन चेंजेस कर जैकेट को अपडेट भी किया जा रहा है। युवा इंजीनियर का कहना है हम कंपनी के भी संपर्क में हैं। यदि बल्क में इसका आर्डर मिलेगा, तब कम दामों में यह जैकेट आसानी से महिलाओं तक पहुंच जाएगी।

# मालिक की जान बचाकर बन गया हीरो!



## खाई में गिरी शख्स की कार 6 किमी दूर भागकर मदद मांगने गया पालतू कुत्ता

कहते हैं, इंसानों का सबसे अच्छा दोस्त कुत्ता होता है। कुत्ते और इंसान की जोड़ी बेहद खास होती है क्योंकि कुत्तों के मन में अपने मालिक के लिए कोई चालाकी, बैर, या छल नहीं होता। वो सिर्फ प्यार के भूखे होते हैं और एक बार उन्हें मालिक से प्यार मिलने लगे, तो वो उनके लिए जान देने को भी तैयार हो जाते हैं। अमेरिका में एक कुत्ते ने इस बात को सच साबित कर दिया है। जब उसके मालिक का एक्सिडेंट हुआ, तो वो 6 किमी दूर भागते हुए गया और मदद लेता आया, जिससे शख्स की जान बच पाई। अब उस कुत्ते को लोग हीरो बता रहे हैं।

**न्यूयार्क।** ये मामला 2 जून, अमेरिका के ऑरिगॉन का है। द गार्जियन वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार ब्रैंडन गैरेट अपने 4 कुत्तों के साथ पहाड़ी रास्ते पर जा रहे थे, जब अचानक वो पहाड़ के मोड़ का आंकलन नहीं कर पाए और उनकी गाड़ी खाई में जा गिरी। इस भयंकर हादसे में वो और उनके कुत्ते तो बच गए, पर ब्रैंडन बुरी तरह जख्मी थे, जिसकी वजह से वो उठकर रोड तक नहीं जा पा रहे थे। उनके परिवार के कुछ लोग कुछ दूर पर कैंपिंग कर रहे थे, जहां से ब्रैंडन लौट रहे थे।



### हीरो बन गया कुत्ता

इस तरह ब्लू हीरो बन गया। लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि कुत्ता 6 किलोमीटर तक जाकर मदद लेता आया। फेसबुक पर पुलिस ने अपने आधिकारिक अकाउंट से इस घटना के बारे में बताया और ब्लू का भी जिक्र किया। कई लोगों ने कुत्ते की तारीफ की और कहा कि ऐसी कहानियां ही दिल को तसल्ली देती हैं।

### कुत्ते ने बचा ली मालिक की जान

तभी उनका एक कुत्ता, ब्लू घटनास्थल से निकला और जंगलों के रास्ते उन लोगों तक पहुंचा। 6 किलोमीटर तक भागते-भागते जब वो वहां पहुंचा, तो ब्रैंडन के भाई और अन्य लोगों ने उसे देखकर ही समझ लिया कि कुछ तो गड़बड़ है। उन्होंने तुरंत ब्रैंडन की खोज शुरू की और अगले दिन सुबह जाकर उनकी गाड़ी खाई में गिरी मिली। रास्ता काफी खराब होने की वजह से वो लोग उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इसके बाद पुलिस को फोन किया गया। टीम ने आकर ब्रैंडन को वहां से निकाला और हेलीकॉप्टर के जरिए उन्हें अस्पताल भेजा गया। वो खतरे से बाहर हैं, हालांकि, उन्हें और उनके दो कुत्तों को गंभीर चोटें आई हैं।

# 6 महीने बाद पैदा हुआ 'जुड़वां' भाई, मां भी है अलग-अलग

किसी भी महिला के लिए मां बनने का सपना एक अलग ही खुशी देता है। इसके लिए कठोर तप करना पड़ता है। नौ महीनों में स्त्री कई तरह के शारीरिक और मानसिक कष्ट सहती है, तब जाकर उसकी गोद में मुस्कराती हुई संतान नजर आती है। लेकिन, मां बनने का सुख हर महिला को नहीं मिल पाता है। ऐसे में वो तरह-तरह के उपाय करती है। डॉक्टरों से सलाह लेती है। तब जाकर उसकी कोख में एक बच्चा पलता है। आज हम आपको एक ऐसी ही महिला के बारे में बताने जा रहे हैं। इस महिला का दावा है कि इसके जुड़वां बच्चे पैदा हुए, लेकिन दोनों बच्चों की मां अलग-अलग थीं। महिला कंस्ट्रक्शन कंपनी की मालकिन है, जबकि उसका पति बिजली मिस्त्री का काम करता है। आखिर ये अजब-गजब कारनामा हुआ कैसे? क्या ऐसा संभव है? हर किसी के मन में यही सवाल उठता है।

**न्यूयार्क।** इस महिला का नाम एरिन क्लैंसी है, जो 42 साल की हैं। एरिन एक निर्माण कंपनी की मालकिन हैं। वे अपने 38 साल के इलेक्ट्रिशियन पति ब्रायन और बेटों डायलन (12 महीने) और डेक्लेन (6 महीने) के साथ न्यूयॉर्क, अमेरिका में रहती हैं। उन्होंने अपने जुड़वां बच्चों के जन्म के पीछे की आश्चर्यजनक कहानी बताई है, जिनमें से एक उनके अपने गर्भ में और दूसरा एक सरोगेट के माध्यम से 900 मील दूर इलिनोइस में पैदा हुआ।

कई महिलाओं को मां बनने का सुख नहीं मिल पाता। ऐसा ही कुछ एरिन के साथ हुआ। नैचुरल तरीके से प्रेग्नेंट न हो पाने की वजह से एरिन ने 39 साल की उम्र में आईवीएफ का सहारा लिया। पहला प्रयास असफल रहा, लेकिन दूसरे में सफलता मिल गई। हालांकि, 7 सप्ताह बाद ही एरिन का गर्भपात हो गया। ऐसे में हमारा ध्यान सरोगेसी की तरफ गया। काफी जांचने-परखने के बाद हमें सरोगेसी के लिए एक महिला मिल गई, जो न्यूयॉर्क से 900 मील दूर इलिनोइस में रहती थी। हमने सरोगेसी की तैयारियां शुरू कर दीं। लेकिन उस महीने एरिन का पीरियड नहीं आया। जब उन्होंने चेक किया तो पाया कि वो प्रेग्नेंट हैं। दूसरी ओर सरोगेसी से बच्चे को जन्म देने की प्रक्रिया भी प्रोसेस में थी। एरिन ने बताया कि मैं पहले भी प्रेग्नेंट हो गई थी, लेकिन गर्भपात हो गया। इसलिए हमने सरोगेसी



को भी आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। जब उनकी प्रेग्नेंसी के 6 सप्ताह हुए तो ब्लिडिंग होने लगी. लेकिन अस्पताल में बताया गया कि बच्चा बिल्कुल सुरक्षित है। हालांकि, उनके अंदर डर बना हुआ था कि कभी भी कुछ भी हो सकता है। ऐसे में जब वो 6 महीने की गर्भवती थीं, तब सरोगेट महिला में सफल भ्रूण प्रत्यारोपित किए गए। इसके 7 दिन बाद एरिन का आल्ट्रासाउंड हुआ, जिसमें उनके पेट में पल रहा बच्चा भी ठीक था। ऐसे में एरिन ने तुरंत अपने पति ब्रायन को फोन किया और बताया कि हमारे दो बच्चे होने वाले हैं। एक तरफ एरिन ने अपने बड़े बेटे डायलन को जन्म दिया, तो दूसरी ओर सरोगेट महिला लगातार अपने हेल्थ अपडेट भेजती रही। मेरा दूसरा बच्चा दूसरी महिला के शरीर में यही कर रहा था। हालांकि, दोनों जैविक रूप से जुड़वां नहीं थे, लेकिन स्पर्म एक ही समय पर आईवीएफ के लिए दिए गए थे।

### अद्भुत था जुड़वां बच्चों का मां बनना

एरिन ने बताया कि जब हमारा बड़ा बेटा डायलन 6 महीने का था, तब डेक्लेन का सरोगेसी से जन्म हुआ। हम कुछ सप्ताह के लिए उसके पास गए। मैं उसे गोद में लेने वाली पहली व्यक्ति थी और मुझे इस बात पर यकीन ही नहीं हुआ। बांझपन के अंधेरे से बाहर निकलकर मैं अब दो स्वस्थ लड़कों की मां बन चुकी थी। एरिन ने बताया कि मैंने बच्चों की देखभाल के बारे में एक फोरम पर पोस्ट किया था, जिसमें बताया था कि जुड़वां बच्चों की उम्र में छह महीने का अंतर है। इस बारे में जानकर लोगों को भरोसा नहीं हुआ। वो कहने लगे कि इसमें कोई घोटाला है। यह कैसे संभव है?

# छिपकली, मेंढक... इस कैफे में मिठाई मिलेगी लेकिन गर्दन पर लिपटेंगे सांप भी!

**नौरोबी।** क्या आप सरीसृप यानी रेपटाइल कैफे में बैठकर खाना पसंद करेंगे? आपके हाथों, पैरों, गले और शरीर से हो सकता है कि सांप जैसे रेंगने वाले दूसरे मासूम जीव-जंतु चिपकते-लिपटते फिरें तो आपको कैसा लगेगा? हो सकता है आपको अजीब लगे या फिर रोमांचक लगे दरअसल मलेशिया में एक अनूठा कैफे शुरू हुआ है जिसका नाम है फैंग्स बाय डेकोरी। यह मलेशिया का पहला सरीसृप कैफे है। आप यहां बैठकर भोजन का आनंद तो लेंगे, लेकिन साथ में विचरते दिखेंगे आपको कई प्रकार के जीव जंतु। ये केवल वे ही होंगे जो रेपटाइल श्रेणी में आते हैं। आमतौर पर लोग सांप देखते ही दूर भाग जाते हैं। हालांकि, इस कैफे में आपको एक अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। यहां आते ही लोगों को भोजन के साथ सांप भी 'परोसे' जाते हैं। कुछ लोग सांपों को अपनी गर्दन के चारों ओर लपेटते हैं, कुछ अपने सिर के चारों ओर और कुछ अपने हाथों के चारों ओर भी



लपेटते हैं। वे उनके साथ ही खाना खाते हैं। इसके अलावा टेबल पर जहरीले जीव-जंतु भी देखे जा सकते हैं। खाने के साथ ये सब देखकर शायद आपकी रूह कांप जाएगी, लेकिन यहां बैठे लोग इसे एक अलग तरह का अनुभव मानते हैं। वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं। इसमें बताया गया है कि यह जगह मलेशिया में स्थित है। इस वीडियो पर लोगों ने दिलचस्प कमेंट्स भी किए। एक यूजर ने लिखा, 'यह बहुत बढ़िया है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'क्या होगा अगर आप खाना खाते समय गलती से अपने हाथ में लटका हुआ सांप खा लें?' दरअसल ये कैफे रेपटाइल- प्रेमी याप मिंग यांग ने 17 दिसंबर 2022 को शुरू किया। वैसे तो यहां मिठाइयां मिलती हैं, लेकिन यह इसलिए फेमस हो रहा है क्योंकि यहां सांप और छिपकली से लेकर मेंढक, जर्बिल्स (चूहा जैसा एक जानवर) भी हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com